# MARCH 2025 (QUIZ-HINDI)







## MONTHLY CURRENT AFFAIRS MAGAZINE











# Todaysprint.com

**1. चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि कब मनाई जाती है ?**

**A - 27 फरवरी** B - 26 फरवरी

C - 1 मार्च D - 8 मार्च

1906 मे मंध्यप्रदेश के भाबरा मे जन्मे आज़ाद 15 वर्ष की आयु मे असहयोग आंदोलन से जुड़े। बाद मे वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन और हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के प्रमुख सदस्य बने। उन्होंने काकोरी कांड, जे.पी. सांडर्स की हत्या और वायसराय ट्रेन विस्फोट जैसे क्रांतिकारी अभियानों मे भाग लिया।



**2. युद्धपोत 'तमाल' किस देश के शिपयार्ड मे बनाया गया है ?**

**A - रूस** B - फ्रांस

C - अमेरिका D - जापान

रूस के यांतर शिपयार्ड मे निर्मित 'तमाल' भारतीय नौसेना का सबसे घातक स्टेल्थ युद्धपोत है। यह 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे की गति से 3000 किमी तक यात्रा कर सकता है। इसमे एंटी-शिप ब्रह्मोस मिसाइल, सबमरीन रॉकेट्स, टॉरपीडो और हेलीकॉप्टर तैनात करने की क्षमता है।



**3. हाल ही मे डी.जी. सी .ए. ने मध्यप्रदेश के किस हवाई अड्डे को 3C, VFR श्रेणी के तहत सार्वजनिक हवाई अड्डा लाइसेंस प्रदान किया ?**

A - इंदौर **B - दतिया**

C - मुरैना D - भोपाल

DGCA ने दतिया हवाई अड्डे को VFR श्रेणी मे सार्वजनिक हवाई अड्डा लाइसेंस प्रदान किया, जिससे यह मध्यप्रदेश का आठवां सार्वजनिक हवाई अड्डा बन गया। 184 एकड़ मे फैले इस हवाई अड्डे से भोपाल और खजुराहो के लिए हवाई सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। DGCA, नागरिक उड्डयन की सर्वोच्च नियामक संस्था, विमानन सुरक्षा, एयरलाइंस व हवाई अड्डों की निगरानी और लाइसेंसिंग का कार्य करती है।




**4. हाल ही मे किस देश ने 'गोल्ड कार्ड' वीज़ा की घोषणा की है ?**

**A - अमेरिका** B - कनाडा

C - फ्रांस D - चीन

डोनाल्ड ट्रंप ने नया 'गोल्ड कार्ड' वीजा कार्यक्रम शुरू करने की योजना घोषित की, जिसमे अमीर विदेशी निवेशकों को 5 मिलियन डॉलर के निवेश पर तत्काल अमेरिकी नागरिकता मिलेगी। यह 35 साल पुराने EB-5 वीजा की जगह लेगा, जिसमे 1 मिलियन डॉलर के निवेश पर 5-7 साल मे नागरिकता मिलती थी। ट्रंप का दावा है कि इससे 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व जुटाकर अमेरिका का कर्ज कम किया जाएगा।



5. अभी हाल ही मे SEBI के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए है ?

A - आनंद मिश्रा
B - सिद्धार्थ जैन
C - तुहिन कांता पांडे
D - निर्मला जैन

तुहिन कांता पांडे को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) का 11वां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे माधबी पुरी बुच का स्थान लेगें और तीन वर्षों तक इस पद पर रहेगें। विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के बीच वे बाजार मे स्थिरता लाने की चुनौती का सामना करेगें। 1987 बैच के ओडिशा कैडर के IAS अधिकारी पांडे वित्तीय नीति और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन मे अनुभवी है।



6. विश्व NGO दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 25 फरवरी
B - 27 फरवरी
C - 28 फरवरी
D - 2 मार्च

विश्व एनजीओ दिवस हर साल 27 फरवरी को गैर सरकारी संगठनों के योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। 2025 की थीम "स्थायी भविष्य के लिए जमीनी आंदोलनों को सशक्त बनाना" है, जो स्थानीय संगठनों की भूमिका को दर्शाती है। यह दिवस पहली बार 2014 मे मनाया गया और इसकी अवधारणा लातविया के मार्किस लियर्स स्कैडमैनिस ने दी थी।




7. न्योकुम यूलो उत्सव भारत के किस राज्य मे मनाया जाता है ?

A - अरुणाचल प्रदेश
B - सिक्किम
C - उत्तराखंड
D - उत्तर प्रदेश

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 26 फरवरी 2025 को अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के बोआसिमला मे पहले संयुक्त मेगा न्योकुम युलो उत्सव मे भाग लिया। केद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी इस समारोह मे उपस्थित थे। यह अरुणाचल प्रदेश की न्यीशी जनजाति का प्रमुख कृषि त्योहार है, जिसमे समृद्धि की देवी न्योकुम की पूजा की जाती है ताकि फसले प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रहे।



8. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 28 फरवरी
B - 24 फरवरी
C - 3 मार्च
D - 6 मार्च

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को सर चंद्रशेखर वेकंट रमन की खोज, रमन प्रभाव, की वर्षगांठ पर मनाया जाता है। भारत सरकार ने 1986 मे इसे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप मे नामित किया था। सीवी रमन का जन्म 7 नवंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली मे हुआ था। उन्होंने 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज की, जिसके लिए उन्हे 1930 मे भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

9. अंतर्राष्ट्रीय रेडियो जीव विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किस संस्था द्वारा किया जा रहा है ?

A - INMAS (DRDO) B - BARC

C - UGC D - AIIMS

दिल्ली स्थित DRDO की प्रयोगशाला INMAS 21 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय रेडियो जीव विज्ञान सम्मेलन आयोजित कर रही है, जिसका उद्घाटन भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने किया। इस वर्ष का विषय "अंतरिक्ष विकिरण, भारी आयनों और मानव अंतरिक्ष मिशनों मे जैविक प्रभाव और जैव चिकित्सा प्रतिक्रिया उपाय" है।




10. समुद्री विकास कोष के तहत कितना धन आवंटित किया गया ?

A - 35000 करोड़ रुपये B - 25000 करोड़ रुपये

C - 40000 करोड़ रुपये D - 45000 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और व्यापार को मजबूत करने के लिए 'वन नेशन - वन पोर्ट' (ONOP) प्रक्रिया शुरू की। इसका लक्ष्य बंदरगाहों की दक्षता बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स सुव्यवस्थित करना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। 'सागर आकलन' पहल के तहत कंटेनर और बल्क कार्गो दस्तावेजों मे 30% तक की कमी लाई जाएगी।



11. जहान-ए-खुसरो-2025 महोत्सव का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ?

A - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी B - गृहमंत्री अमित शाह

C - रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव D - निम्न मे से कोई नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 फरवरी 2025 को नई दिल्ली मे अंतर्राष्ट्रीय सूफी संगीत महोत्सव 'जहान-ए-खुसरो' 2025 का उद्घाटन किया। यह महोत्सव अमीर खुसरो की स्मृति मे सूफी संगीत, कविता और नृत्य को समर्पित है और इस वर्ष इसका 25वां संस्करण मनाया जा रहा है। इसे 2001 मे मुंजफ्फर अली ने शुरू किया था और रूमी फाउंडेशन इसका आयोजन करता है।



12. आयुष मंत्रालय की स्थापना कब की गई -

A - वर्ष - 2011 B - वर्ष - 2012

C - वर्ष - 2016 D - वर्ष - 2014

महाकुंभ मेले के दौरान आयुष मंत्रालय ने 8 लाख श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मेला क्षेत्र मे 20 आयुष ओपीडी केद्रं और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ स्थापित की गईं, जिनमे 90 डॉक्टर और 150 स्वास्थ्यकर्मी तैनात थे। महाशिवरात्रि स्नान के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्थाएँ की गईं। आयुष पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

13. 'सशक्त भारत' पत्रिका किस मंत्रालय की अर्द्धवार्षिक हिंदी पत्रिका है ?

A - विदेश मंत्रालय
B - रक्षा मंत्रालय
C - शिक्षा मंत्रालय
D - गृह मंत्रालय

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 21 फरवरी 2025 को अर्द्धवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त' भारत का विमोचन किया। यह पत्रिका सशस्त्र बल कर्मियों की वीरता, देशभक्ति और बलिदान पर आधारित कविताओं व रक्षा मंत्रालय की नीतियों पर लेखों को समर्पित है। इसका उद्देश्य मंत्रालय के कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना और हिंदी के सरकारी कार्यों मे उपयोग को बढ़ावा देना है।



14. विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 25 फरवरी
B - 1 मार्च
C - 2 मार्च
D - 6 मार्च

विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस हर साल 1 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संगठन (ICDO) द्वारा स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से सुरक्षा मे नागरिक सुरक्षा संगठनों की भूमिका को उजागर करना है। 2025 की थीम "नागरिक सुरक्षा, जनसंख्या की सुरक्षा की गारंटी" है, जो आपदा प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने पर जोर देती है।




15. भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेसं -2025 का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया -

A - राजनाथ सिंह
B - निर्मला सीतारमण
C - पीयूष गोयल
D - अमित शाह

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेसं - 2025' का उद्घाटन किया, जिसका आयोजन IMC चैबंर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेशंन सेटंर मे किया। इस वर्ष इसे रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 'इंडिया कॉलिंग कॉन्फ्रेसं' से बदलकर 'भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेसं' नाम दिया गया।




16. तीसरा SABA महिला चैम्पियनशिप का विजेता कौन है ?

A - भारत
B - अफगानिस्तान
C - नेपाल
D - बांग्लादेश

भारत ने 23-26 फरवरी 2025 के बीच नई दिल्ली के के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम मे आयोजित तीसरी SABA महिला चैम्पियनशिप 2025 जीत ली। भारतीय टीम ने फाइनल मे मालदीव को हराकर यह खिताब जीता। यह भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट मे पहला अवसर था, और उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ, भारत ने FIBA महिला एशिया कप के लेवल-2 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो जुलाई 2025 मे चीन मे होंगा।



**17. गिलोय का वैज्ञानिक नाम है ?**

**A - टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया** B - पिसम सैरिवम

C - सिजिगम क्यूमिनी D - अजार्डिका इंडिका

पिछले एक दशक मे गिलोय पर शोध प्रकाशनों की संख्या 376.5% बढ़ी है, 2014 मे 243 से बढ़कर 2024 मे 913 हो गई। कोविड-19 के बाद इसके इम्यूनिटी बूस्टर, एंटीवायरल और एडाप्टोजेनिक गुणों पर अनुसंधान तेजी से बढ़ा। गिलोय संक्रमण से बचाव, वायरल बुखार, डेगूं, मलेरिया और ब्लड शुगर नियंत्रण मे सहायक है। यह पाचन सुधारता है



**18. 'सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान' किस मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया जाएगा ?**

A - श्रम मंत्रालय **B - पंचायती राज मंत्रालय**

C - वित्त मंत्रालय D - विदेश मंत्रालय

पंचायती राज मंत्रालय 4 मार्च 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली मे "सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान" की शुरुआत करेगा। केद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य मंत्री S.P. बघेल और रक्षा निखिल खडसे कार्यक्रम मे शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति को बढ़ाना है।

सत्यमेव जयते

Ministry of Panchayati Raj
Government of India

**19. डेजर्ट हंट अभ्यास किस सेना का युद्धाभ्यास था ?**

A - वायु सेना B - भारतीय नौसेना

C - विशिष्ट पैराफ़ोर्स **D - त्रि सेवा विशेष बल**

भारतीय वायु सेना ने 24-28 फरवरी 2025 को जोधपुर मे "डेजर्ट हंट-2025" त्रिसेवा विशेष बल अभ्यास आयोजित किया, जिसमे सेना के पैरा (विशेष बल), नौसेना के मरीन कमांडो और वायु सेना के गरुड़ विशेष बलों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य विशेष बलों के बीच समन्वय को बढ़ाना और सुरक्षा चुनौतियों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।



**20. "द इण्डिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरेडंम, बिकमिंग ए हाई इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन" रिपोर्ट किसने जारी की ?**

A - एशियन डेवलपमेटं बैकं B - भारतीय रिजर्व बैकं

**C - विश्व बैकं** D - IMF

विश्व बैकं की रिपोर्ट "द इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरेडंम, बिकमिंग ए हाई इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन" के अनुसार, भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए औसतन 7.8% वार्षिक आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। भारत वर्तमान मे निम्न-मध्यम आय वाले देशों मे है, जबकि चीन उच्च-मध्यम आय वर्ग मे आता है। विश्व बैकं GNI के आधार पर देशों की अर्थव्यवस्थाओं का वर्गीकरण करता है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

21. दूसरी भारत EU यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की बैठक कहाँ आयोजित की गयी ?

A - नई दिल्ली
B - बैंगलोर
C - जयपुर
D - रामेश्वरम

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने 27-28 फरवरी 2025 को भारत का आधिकारिक दौरा किया, जिसमे यूरोपीय संघ के कमिश्नर समूह ने भी भाग लिया। यह समूह पहली बार यूरोप के बाहर किसी देश का दौरा कर रहा था। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की दूसरी मंत्री स्तरीय बैठक नई दिल्ली मे हुंई।



22. एशियाई विकास बैकं की स्थापना कब हुयी ?

A - वर्ष - 1956
B - वर्ष - 1966
C - वर्ष - 1969
D - वर्ष – 1959

एशियाई विकास बैकं (ADB) ने कोलकाता नगर निगम की स्थिरता, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे मे सुधार के लिए 200 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत किया है। इस परियोजना के तहत जलवायु और आपदा प्रतिरोधी सीवेज व जल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों का खतरा कम होगा।

ADB
Asian Development Bank

23. विश्व वन्य जीव दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 3 मार्च
B - 2 मार्च
C - 6 मार्च
D - 19 मार्च

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप मे घोषित किया, जो 1973 मे CITES पर हस्ताक्षर की वर्षगांठ का प्रतीक है। CITES सचिवालय इस दिन के वैश्विक आयोजन की जिम्मेदारी निभाता है। 2025 की थीम "वन्यजीव संरक्षण वित्त - लोगों और ग्रह मे निवेश" रखी गई है। यह दिवस वन्यजीव संरक्षण के लिए वित्तीय नवाचारों, सरकारी और निजी क्षेत्र के सहयोग को प्रोत्साहित करता है।




24. रस्किन फिक्शन के बुक अवॉर्ड से सम्मानित किसे किया जाएगा ?

A - राजकमल झा
B - अशीनाभ सिंह
C - सलमान खुर्शीद
D - निम्न मे से कोई नहीं

बनारस लिट फेस्ट ने बुक अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। पुरस्कारों की आधिकारिक घोषणा 23 फरवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित PHDCCI हाउस मे कर्टन रेज़र इवेंट मे हुंई। इन पुरस्कारों का वितरण 7 से 9 मार्च 2025 को होटल ताज बनारस मे आयोजित भव्य बनारस लिट फेस्ट मे किया जाएगा।

BANARAS LIT FEST
काशी साहित्य कला उत्सव

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

25. 'हार्ट लैम्प' पुस्तक के लेखक कौन है -

A - बानू मुश्ताक
B - शिवेश मिश्रा
C - दीपा कर्माकर
D - गुलजार

अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 की लंबी सूची मे कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक की लघु कथा संग्रह 'हार्ट लैम्प' शामिल है, जिसका अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थी ने किया है। बानू मुश्ताक दलित और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की समर्थक है और उन्हे कर्नाटक साहित्य अकादमी व दाना चिंतामणि अतींभे पुरस्कार मिल चुके है



26. हाल ही मे SEBI द्वारा शुरू किए गए केन्द्रीकृत डेटाबेस पोर्टल का नाम क्या है ?

A - बॉन्ड अप
B - बॉन्ड सेन्ट्रल
C - सुरक्षा कवच
D - स्वर्ण बॉन्ड

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने बॉन्ड सेन्ट्रल नामक एक केद्रीकृत डेटाबेस पोर्टल लॉन्च किया है, जो कॉरपोरेट बॉन्ड से जुड़ी सभी सूचनाओं को एकीकृत और पारदर्शी बनाएगा। इसे OBPP एसोसिएशन ने स्टॉक एक्सचेजों और MII के सहयोग से विकसित किया है। यह पोर्टल निःशुल्क उपलब्ध होगा और निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने मे मंदद करेगा।




27. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल ही मे कितने नए आध्यात्मिक गलियारों की घोषणा की है ?

A - 3
B - 4
C - 5
D - 6

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 के बाद राज्य मे पाँच नए आध्यात्मिक गलियारों की घोषणा की है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक स्थलों की यात्रा सरल होगी। प्रयागराज-विंध्याचल-काशी कॉरिडोर देवी शक्ति और भगवान शिव के भक्तों के लिए प्रयागराज, विंध्याचल देवी धाम और काशी को जोड़ेगा।



28. भारत के पहले विश्व शांति केन्द्र का उद्घाटन किसने किया ?

A - गृहमंत्री अमित शाह
B - पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद
C - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
D - कैलाश सत्यार्थी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुग्राम के सेक्टर-39 मे भारत के पहले विश्व शांति केन्द्र का उद्घाटन किया, जिसे जैन आचार्य लोकेश मुनि के नेतृत्व और अहिंसा विश्व भारती के प्रयासों से स्थापित किया जा रहा है। इसे आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य शांति, सद्भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास को बढ़ावा देना है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

29. अभी हाल ही मे एंक निजी कंपनी के द्वारा चंद्रमा पर ब्लू घोस्ट नाम का लैडंर उतारा है, यह कंपनी किस देश की है ?

A - चीन
B - जापान
C - भारत
D - अमेरिका

अमेरिकी निजी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का "ब्लू घोस्ट" लैडंर रविवार को चंद्रमा पर उतरा, जो चाँद पर उतरने वाला दूसरा प्राइवेट अंतरिक्षयान बन गया। इससे पहले 2023 मे इंट्यूटिव मशीन्स का ओडिसीस लैडंर चंद्रमा पर पहुँचा था। ब्लू घोस्ट का नाम एक दुर्लभ अमेरिकी जुगनू प्रजाति पर रखा गया है।



30. अभी हाल ही मे श्रीलंका मे एंक चमगादड़ की नई प्रजाति का पता लगाया गया, वह प्रजाति है -

A - हिप्पोसाइडेरोस श्रीलंकाएंसिस
B - जूनोस श्रीलंकाई
C - साईपो सियाल
D - मडिये फ्रॉग

ऑस्ट्रेलिया के उत्सानिया विश्वविद्यालय के नेतृत्व मे एंक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने श्रीलंका मे चमगादड़ की एक नई प्रजाति की पहचान की, जिसका नाम "हिप्पोसाइडेरोस श्रीलंकाएंसिस" रखा गया। यह खोज अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण पत्रिका "जुटेक्स" मे प्रकाशित हुई। नई प्रजाति की पहचान फील्ड स्टडी, रूपात्मक और जेनेटिक विश्लेषण के जरिए की गई। इसकी प्रमुख विशेषताएँ चौड़ी नाक, विशिष्ट आकार के कान और कपालीय संरचनाएं है।



31. केद्रीय भंडारण निगम ने अपना हाल ही मे कौन सा स्थापना दिवस मनाया -

A - 66 वां
B - 67 वां
C - 68 वां
D - 69 वां

केद्रीय भंडारण निगम (CWC) ने अपनी 69वीं स्थापना दिवस नई दिल्ली मे मनाया, जिसमे केद्रीय खाद्य मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने सरकार के राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति (NLP) और PM गतिशक्ति पहल के तहत रसद लागत को 13-14% से घटाकर 8% तक लाने का लक्ष्य रखा।



32. हाल ही मे रंक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का पदभार किसने ग्रहण किया है -

A - डॉ. मयंक शर्मा
B - डॉ. समित ए शर्मा
C - आनंद मिश्रा
D - कुमार पाल्य गौतम

डॉ. मयंक शर्मा ने हाल ही मे रंक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का पदभार ग्रहण किया है। वह भारतीय रक्षा लेखा सेवा (IDAS) के 1989 बैच के अधिकारी है और उनके पास भारतीय रक्षा लेखा विभाग समेत कई महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर कार्य करने का अनुभव है। डॉ. शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक अकादमी और वियना की राजनायिक अकादमी मे भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

33. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) का गठन कब हुआ था ?

A - वर्ष - 2003	B - वर्ष - 2004

C - वर्ष - 2005	D - वर्ष – 2006

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिर मे राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NWB) की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमे वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन पर चर्चा हुई। भारत मे 6,327 डॉल्फिन दर्ज की गईं, उत्तर प्रदेश मे सबसे अधिक पाई गईं। 2025 मे शेरों की गणना का 16वां चक्र शुरू होगा।




34. ऑस्कर अवॉर्ड की शुरुआत कब हुई थी ?

A - वर्ष - 1928	B - वर्ष - 1929

C - वर्ष - 1930	D - वर्ष – 1932

2 मार्च 2025 को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर मे 97वे अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) समारोह का आयोजन हुआ, जिसमे विजेताओं की घोषणा की गई। इस वर्ष 'अनोरा' फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित पाँच श्रेणियों मे पुरस्कार जीते। माइकी मेडिसन को 'अनोरा' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जबकि एंड्रिअन ब्रॉडी को 'द ब्रूटलिस्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया।



35. अभी हाल ही मे किस टीम ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 का फाइनल जीता है ?

A - राजस्थान	B - उत्तरप्रदेश

C - तमिलनाडु	D - विदर्भ

विदर्भ ने नागपुर मे खेले गए फाइनल मे केरल को हराकर तीसरी बार रणजी ट्रॉफी जीती। मैच ड्रॉ रहने के बावजूद विदर्भ ने पहली पारी मे बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले टीम ने 2017-18 और 2018-19 मे भी ट्रॉफी जीती थी। रणजी ट्रॉफी भारत की प्रमुख प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता है, जिसमे राज्य क्रिकेट संघों की टीमे भाग लेती है।




36. अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 5 मार्च	B - 6 मार्च

C - 1 मार्च	D - 3 मार्च

5 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं के बीच निरस्त्रीकरण मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2021 मे इसकी स्थापना की और 2022 मे इसे आधिकारिक रूप से 5 मार्च के रूप मे घोषित किया। पहला आयोजन 2023 मे हुआ था।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**37. अभी हाल ही मे किन दो निगमों को भारत सरकार द्वारा नवरत्न का दर्जा दिया गया है ?**

A - JDA व ADA

**B - IRCTC व IRFC**

C - Rail Tail व RVNL

D - RIL व वोडाफोन

भारत सरकार ने IRCTC और IRFC को नवरत्न PSU का दर्जा दिया, जिससे अब सभी सात सूचीबद्ध रेलवे PSU नवरत्न बन गए है। इनमे CONCOR, RVNL, IRCON, RITES, RailTel, IRCTC और IRFC शामिल है। नवरत्न का दर्जा मिलने से इन्हे वित्तीय और परिचालन संबंधी अधिक स्वायत्तता मिलेगी। IRCTC रेलवे की टिकट बुकिंग और कैटरिंग सेवा प्रदान करता है

**38. अभी हाल ही मे ऑस्ट्रिया की चांसलर के रूप मे शपथ किसने ली है ?**





**A - क्रिश्चियन स्टॉकर**

B - स्टीवन स्थिम

C - गैरी क्रिश्चियन

D - ग्लेन डार्बन

क्रिश्चियन स्टॉकर ऑस्ट्रिया के नए चांसलर बने, जिन्होंने ओवीपी, सोशल डेमोक्रेट्स और नियोस पार्टी की गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। सितंबर 2024 के चुनाव मे किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। फ्रीडम पार्टी ने 57, ओवीपी ने 51, सोशल डेमोक्रेट्स ने 41 और नियोस ने 18 सीटे जीतीं। फ्रीडम पार्टी को सत्ता से दूर रखने के लिए तीनों दलों ने गठबंधन किया।

**39. विश्व का सबसे बड़ा वन्यजीव बचाव, संरक्षण और पुर्नवास केद्रं वनतारा कहाँ स्थित है ?**




**A - जामनगर (गुजरात)**

B - जयपुर (राजस्थान)

C - आगरा (उत्तर प्रदेश)

D - मुरैना (मध्यप्रदेश)

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने 4 मार्च 2025 को गुजरात के जामनगर मे वंनतारा, एक वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केद्रं, का उद्घाटन किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित यह केद्रं 3000 एकड़ मे फैला है। वनतारा के "राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट" को 2025 प्राणी मित्र पुरस्कार (कॉर्पोरेट श्रेणी) मिला।

**40. विजिटर्स कॉन्फ्रेसं 2024-25 कहाँ आयोजित किया गया ?**



**A - नई दिल्ली**

B - बेगंलोर

C - भोपाल

D - चंडीगढ़

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 3 मार्च 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली मे दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेसं 2024-25 का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन पहली बार 2015 मे शुरू हुआ था। राष्ट्रपति ने 8वे विजिटर्स पुरस्कार 2023 प्रदान किए, जो नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों मे दिए जाते है। नवाचार पुरस्कार बीएचयू के प्रो. सरिपेला श्रीकृष्ण को मिला।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**41. भारत मे गंगा डॉल्फिन जनसंख्या सर्वेक्षण 2025 के अनुसार डॉल्फिन की सर्वाधिक आबादी किस राज्य मे पायी गयी ?**

A - उत्तर प्रदेश
B - बिहार
C - प. बंगाल
D - राजस्थान

भारत मे पहली बार हुए डॉल्फिन जनसंख्या सर्वेक्षण मे 6327 डॉल्फिन दर्ज की गईं, जिनमे गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी घाटियों मे 6324 और पंजाब की ब्यास नदी मे 3 डॉल्फिन मिलीं। रिपोर्ट 3 मार्च 2025 को पीएम मोदी ने जारी की। सर्वेक्षण मे 8 राज्यों की 28 नदियों मे 8500 किमी क्षेत्र शामिल था और 3150 दिन लगे।



**42. मिशन-300 का लक्ष्य किस क्षेत्र के 300 मिलियन लोगों तक बिजली पहुँचाना है ?**

A - यूक्रेन
B - भारत
C - उप सहारा अफ्रीका
D - ग्वाटेमाला

मिशन 300 एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका लक्ष्य 2030 तक उप-सहारा अफ्रीका के 300 मिलियन लोगों तक बिजली पहुंचाना है। इसे विश्व बैंक और अफ्रीकी विकास बैंक के सहयोग से शुरू किया गया है। यह पहल सस्ती, विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन मे संहायक होगी।

MISSION: 300

**43. अभी हाल ही मे अफ्रीका की किस झील मे जैव विविधता संरक्षण परियोजना शुरू की गयी है ?**

A - विक्टोरिया
B - मलावी
C - तुर्काना
D - तांगानिका

तंगानिका झील बेसिन जैव विविधता संरक्षण परियोजना 2025-2030 तक चलेगी, जिसमे बुरुंडी, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, तंजानिया और जाम्बिया शामिल है। UNEP के नेतृत्व मे और GEF के वित्त पोषण से संचालित इस पहल का उद्देश्य झील की जैव विविधता पर सीमा पार खतरों का आकलन और समाधान करना है। तंगानिका झील दुनिया की दूसरी सबसे गहरी और सबसे लंबी मीठे पानी की झील है




**44. हाल ही मे किस मंत्रालय ने नीति आयोग के सहयोग से स्वावलंबिनी पहल शुरू की है ?**

A - केंद्रीय कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय
B - पंचायती राज मंत्रालय
C - गृह मंत्रालय
D - वित्त मंत्रालय

स्वावलंबिनी पहल 2025 केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) और नीति आयोग द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका शुभारंभ शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ, उत्तर प्रदेश मे किया। इसे पहले देश के पूर्वी क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों मे लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य महिला छात्रों को उद्यमिता कौशल और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।




VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

45. उरुग्वे की सीमा निम्नलिखित मे से किस देश से लगती है ?

A - ब्राजील
B - बोलिविया
C - चिली
D - पैराग्वे

यामांडू ओर्सी ने हाल ही मे उरुग्वे के राष्ट्रपति के रूप मे शपथ ली, उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति लुइस लैकेले पो का स्थान लिया है। उरुग्वे मे राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है। उरुग्वे दक्षिण अमेरिका महाद्वीप मे स्थित एक देश है और यह दक्षिण अमेरिका का दूसरा सबसे छोटा देश है। इसकी सीमाएं अर्जेंटीना और ब्राजील से लगती है। उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो है और वहां की आधिकारिक मुद्रा उरुग्वे पेसो है।



46. साहित्य अकादमी, साहित्य महोत्सव-2025 का आयोजन कब से कब तक करेगी ?

A - 7 मार्च से 12 मार्च तक
B - 12 मार्च से 17 मार्च तक
C - 9 मार्च से 16 मार्च तक
D - 10 मार्च से 15 मार्च तक

"फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2025" का आयोजन साहित्य अकादमी द्वारा 7 से 12 मार्च 2025 तक नई दिल्ली के रवींद्र भवन मे किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेद्रं शेखावत उद्घाटन करेगें, जबकि प्रसिद्ध अंग्रेजी नाटककार महेश दत्तानी पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस एशिया के सबसे बड़े साहित्य महोत्सव मे 700 लेखक, 50+ भाषाओं का प्रतिनिधित्व करेगें और 100+ सत्र होंगे।



47. सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GEM) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है ?

A - नृपेद्रं मिश्रा
B - सिद्धार्थ जैन
C - श्रेयांश कुमट
D - अजय भादू

गुजरात कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी अजय भादू को गवर्नमेटं ई-मार्केटप्लेस (GEM) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 3 मार्च 2025 से प्रभावी होगी, और उन्होंने एल. सत्य श्रीनिवास का स्थान लिया है। अजय भादू वाणिज्य मंत्रालय के वाणिज्य विभाग मे अतिरिक्त सचिव के रूप मे भी कार्यरत रहेगें।



48. 'विविधता का अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किसने किया ?

A - राष्ट्रपति
B - प्रधानमंत्री
C - गृहमंत्री
D - वित्तमंत्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 मार्च 2025 को राष्ट्रपति भवन मे "विविधता का अमृत महोत्सव" के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया, जिसमे कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। इस महोत्सव मे लगभग 500 कारीगर और बुनकर अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर रहे है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**49. विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन का आयोजन किसके द्वारा किया जाता है ?**




**A - द एनर्जी एण्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI)**
B - जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत
C - संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
D - UNDP

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया, जिसका आयोजन TERI ने "सतत विकास और जलवायु समाधानों मे तेजी लाने के लिए साझेदारी" विषय पर किया। उन्होंने ग्लोबल साउथ की भूमिका और भारत की स्थिरता प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भारत ने 2020 मे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन मे 7.93% की कमी दर्ज की और 2070 तक नेट-ज़ीरो लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

**50. खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण का आयोजन कहाँ होगा ?**




A - जयपुर
**B - नई दिल्ली**
C - भोपाल
D - आगरा

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे संस्करण की घोषणा की, जो 20-27 मार्च तक नई दिल्ली मे होगा। इसमे 1230 पैरा एथलीट छह श्रेणियों—पैरा तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, शूटिंग और टेबल टेनिस मे प्रतिस्पर्धा करेगें। मुकाबले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे होंगे।

**51. हाल ही मे भारत व नेपाल के बीच जल स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र मे संहयोग बढ़ाने के लिए समझौता कहाँ हुआ ?**



A - बहराइच
**B - नई दिल्ली**
C - काठमांडू
D - लखनऊ

भारत और नेपाल ने जल स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन मे संहयोग बढ़ाने के लिए समझौता किया। इसके तहत जल गुणवत्ता सुधार, कृत्रिम पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और जल संसाधन प्रबंधन मे संयुक्त कार्य होगा। नेपाल के कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। दोनों देशों के विशेषज्ञ जल संरक्षण की सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान करेगें।

**52. अभी हाल ही मे आपातकालीन अरब शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?**



A - दुबई
B - अबू धाबी
**C - काहिरा**
D - दोहा

मिस्र की राजधानी काहिरा मे अरब शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे गाजा संकट, फिलीस्तीन विवाद, सीरिया संकट, यमन युद्ध, आर्थिक सहयोग और सूडान संकट पर चर्चा हुई। अरब लीग ने क्षेत्रीय स्थिरता और शांति के लिए एकजुट प्रयासों पर जोर दिया। इस बैठक का उद्देश्य अरब देशों के बीच समन्वय बढ़ाना और मौजूदा चुनौतियों का समाधान खोजना था।

VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

53. 'जन औषधि दिवस' कब मनाया जाता है ?

A - 6 मार्च
B - 5 मार्च
C - 4 मार्च
D - 7 मार्च

हर साल 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य PMBJP के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जेनेरिक दवाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। PMBJP, जिसे 2008 मे शुरू किया गया था, किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए समर्पित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केद्रों (PMBJK) के माध्यम से संचालित होता है।




54. कौनसा देश वार्षिक सी ड्रैगन सैन्य अभ्यास की मेजबानी करता है ?

A - अमेरिका
B - जापान
C - भारत
D - पाकिस्तान

सी ड्रैगन 2025, एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास, 4-19 मार्च तक गुआम तट पर आयोजित हो रहा है, जिसमे भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य शामिल है। यह वार्षिक अभ्यास पनडुब्बी रोधी युद्ध पर केद्रित है और इसकी मेजबानी अमेरिकी नौसेना कर रही है। 2019 मे शुरू हुए इस अभ्यास मे समुद्री गश्ती विमानों की तैनाती और अमेरिकी पनडुब्बी का शिकार करने जैसी रणनीतिक गतिविधियां शामिल है।



55. वेल्थ रिपोर्ट 2025 किसने जारी की ?

A - नाइट फ्रैकं - UK की रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कंपनी
B - विश्व बैकं
C - IMF
D - स्विस बैकं

वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत चौथा सबसे बड़ा वैश्विक धन केद्रं बना है, जो अमेरिका, चीन और जापान के बाद आता है। देश मे उंच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों (HNWI) की संख्या 2023 मे 80,686 से बढ़कर 2024 मे 85,698 हो गई, जिसमे 6% की वृद्धि हुई। नाइट फ्रैकं द्वारा जारी इस रिपोर्ट मे HNWI वे व्यक्ति है जिनकी संपत्ति 10 मिलियन डॉलर से अधिक है।




56. अभी हाल ही सरकार ने किस राज्य मे गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी रोपवे की मंजूरी दी है ?

A - उत्तराखण्ड
B - हिमाचल प्रदेश
C - जम्मू कश्मीर
D - मेघालय

केन्द्रीय आर्थिक मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति (CCEA) ने उत्तराखंड मे दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी—गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब (12.4 किमी) और सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी)। इनकी कुल लागत 6811 करोड़ रुपये होगी और इन्हे PPP मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। हेमकुंड साहिब रोपवे चमोली जिले मे फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ता है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**57. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है ?**

A - 6 मार्च
B - 7 मार्च
**C - 8 मार्च**
D - 10 मार्च

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक योगदान को सम्मानित करना है। इसकी शुरुआत 1909 मे अमेरिका से हुई और 1977 मे संयुक्त राष्ट्र ने इसे मान्यता दी। 2025 की थीम "कार्रवाई मे तेज़ी लाएँ" है, जो महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने का संदेश देती है। यह दिवस महिलाओं के संघर्ष, सफलता और समाज मे उनके योगदान का उत्सव है।




**58. चक्रवात अल्फ्रेड ने किस देश को प्रभावित किया ?**

**A - ऑस्ट्रेलिया**
B - कनाडा
C - जापान
D - नीदरलैण्ड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर चक्रवात अल्फ्रेड का खतरा है, जो पिछले 50 वर्षों मे सबसे खतरनाक माना जा रहा है। मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार, इस चक्रवात ने तटीय क्षेत्रों मे खतरनाक लहरे उत्पन्न की है। चक्रवातों को विभिन्न समुद्री क्षेत्रों मे अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे टाइफून, हरिकेन, टोरनाडो और उष्णकटिबंधीय चक्रवात। इनका निर्माण समुद्र का तापमान 27°C या उससे अधिक, उच्च नमी और तेज हवाओं के संयोजन से होता है।



**59. अभी हाल ही मे उच्चतम न्यायालय मे जस्टिस जायमाल्या बागली की नियुक्ति हुई है, वह इससे पहले किस उच्च न्यायालय के जस्टिस थे ?**

**A - कलकत्ता उच्च न्यायालय**
B - राजस्थान उच्च न्यायालय
C - इलाहाबाद उच्च न्यायालय
D - मुंबई दिल्ली उच्च न्यायालय

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जायमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप मे नियुक्ति की सिफारिश की है। यह निर्णय चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से लिया। गौरतलब है कि 2013 के बाद से कलकत्ता हाईकोर्ट से कोई न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नहीं बने।



**60. भारत का पहला एपीआई ग्रीन हाइड्रोजन और 2G इथेनॉल संयंत्र कहाँ स्थापित होगा ?**

**A - सोलन**
B - लखनऊ
C - जोधपुर
D - दिल्ली

भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन और 2जी इथेनॉल संयंत्र हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के बद्दी-नालागढ़ क्षेत्र मे स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (API), ग्रीन हाइड्रोजन और 2G इथेनॉल का उत्पादन करेगी, और इसमे 1400 करोड़ रुपये का निवेश होगा। संयंत्र मे ग्रीन हाइड्रोजन जल के इलेक्ट्रोलिसिस से, सौर, पवन और जल ऊर्जा के उपयोग से उत्पन्न होगा।



**61. अभी हाल ही मे केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा शौर्य वेदनम उत्सव का आयोजन किया गया ?**

A - मोतिहारी – बिहार
B - जयपुर, राजस्थान
C - ग्वालियर - मध्यप्रदेश
D - बस्तर – छत्तीसगढ़

प्रथम 'शौर्य वेदनम् उत्सव' 8 मार्च 2025 को बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले के गोतिहारी शहर मे सम्पन्न हुआ। यह दो दिवसीय कार्यक्रम भारतीय सशस्त्र बलों की सैन्य शक्ति, मार्शल आर्ट, सैन्य बैडं प्रदर्शन और युद्ध प्रदर्शनों का उत्सव था। इसे रक्षा मंत्रालय और पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन ने मिलकर आयोजित किया। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों को जनता के करीब लाना और युवाओं को रक्षा बलों मे शामिल होने के लिए प्रेरित करना था।



**62. महिलाओं की सुरक्षा हेतु "प्रोजेक्ट हिफाजत" योजना किस राज्य सरकार के द्वारा शुरू की गयी -**

A - राजस्थान
B - मध्यप्रदेश
C - छत्तीसगढ़
D - पंजाब

पंजाब सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "प्रोजेक्ट हिफाजत" की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को हिंसा से बचाना है। इस परियोजना का उद्घाटन मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने किया, और इसके तहत एक हेल्पलाइन नंबर 181 जारी किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हिंसा और उत्पीड़न की रिपोर्ट करने मे डंर को दूर करना है।



**63. 24वे विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन - 2025 का आयोजन कहाँ किया गया –**

A - बैगंलोर
B - गुवाहाटी
C - नई दिल्ली
D - चेन्नई

24वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 7 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे संपन्न हुआ, जिसमे संतत विकास और जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक विचार-विमर्श हुआ। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन मे गुंयाना के प्रधानमंत्री और ब्राजील की पर्यावरण मंत्री सहित अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सतत विकास और जलवायु समाधान मे वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना था।



**64. लोहूम का यह विस्तार भारत को इस निर्भरता से मुक्त करने मे एंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा देश की पहली लीथियम ग्रेड रिफाइनरी की शुरुआत कहाँ की जा रही है -**

A - सुल्तानपुर - उत्तरप्रदेश
B - भोपाल - मध्यप्रदेश
C - मुंबई - महाराष्ट्र
D - नोएडा - उत्तरप्रदेश

लोहूम कंपनी ने ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश मे देश की पहली लिथियम ग्रेड रिफाइनरी शुरू की है, जो सालाना 1000 मीट्रिक टन बैटरी ग्रेड लिथियम उत्पादन करेगी। 2029 तक इसकी क्षमता 20,000 टन तक बढ़ने की योजना है। रिफाइनरी मे ई-वेस्ट से ब्लैक मास को रिसाइकिल कर लिथियम निकाला जाएगा। इसके अलावा, कंपनी लिथियम आयन बैटरी के लिए कैथोड एक्टिव मटेरियल (CAM) का उत्पादन भी बढ़ा रही है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

65. "प्रोजेक्ट HAKK" किस बैकं के द्वारा शुरू किया गया है ?

A - HDFC  B - SBI
C - ICICI  D - SIDBI

HDFC बैकं ने भारतीय वायु सेना (IAF) के पेशंनभोगियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए 'प्रोजेक्ट HAKK' शुरू किया। इस पहल के तहत बैकं ने सहायक वायुसेना अध्यक्ष (लेखा एवं वायु सैनिक) कार्यालय और CSC अकादमी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। परियोजना का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना और आवश्यक सहायता प्रदान करना है।




66. बोधिपथ फिल्म महोत्सव किस संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है -

A - अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव  B - अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ
C - दलाई लामा फाउंडेशन  D - भारतीय फिल्म परिषद

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) और परम पावन दलाई लामा के सार्वभौमिक उत्तरदायित्व फाउंडेशन के सहयोग से "बोधिपथ फिल्म महोत्सव" 10-11 मार्च 2025 को इंडिया इंटरनेशनल सेटंर, नई दिल्ली मे आयोजित होगा। यह महोत्सव बौद्ध समुदाय को समर्पित है और बुद्ध की शिक्षाओं व आधुनिक मनोवैज्ञानिक विषयों पर केद्रित दस वैश्विक फिल्मों का प्रदर्शन करेगा।



67. अभी हाल ही मे किस भारतीय नेता को बारबाडोस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार "ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस" से सम्मानित किया गया है -

A - पीयूष गोयल  B - अनुराग ठाकुर
C - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी  D - विदेश मंत्री एस. जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी को बारबाडोस का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार "ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस" प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हे कोविड-19 महामारी के दौरान प्रभावशाली नेतृत्व और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने मे योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह 6 मार्च 2025 को आयोजित हुआ, जिसमे केद्रीय विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मर्गेरिटा ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सम्मान ग्रहण किया।



68. मत्स्य पालन स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन कहाँ हुआ ?

A - चेन्नई, तमिलनाडु  B - उड़ीसा
C - मुंबई, महाराष्ट्र  D - हैदराबाद, तेलंगाना

मत्स्यपालन विभाग ने 8 मार्च 2025 को हैदराबाद, तेलंगाना मे मंत्स्यपालन स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन किया। केद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन और प्रो. एसपी बघेल सहित कई सरकारी अधिकारी, उद्यमी और स्टार्टअप प्रतिनिधि इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन क्षेत्र मे नवाचार को बढ़ावा देना, ई-कॉमर्स और नई तकनीकों के एकीकरण पर चर्चा करना था।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

69. मध्यप्रदेश के किस जिले मे मांधव राष्ट्रीय उद्यान स्थित है ?

A - ग्वालियर
B - भोपाल
C - दतिया
D - शिवपुरी

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले मे स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने देश के 58वे और राज्य के 9वे बाघ अभयारण्य के रूप मे अधिसूचित किया है। 375.233 वर्ग किलोमीटर मे फैले इस उद्यान मे संख्या सागर और माधव सागर दो प्रमुख झीले है। प्रोजेक्ट टाइगर, जिसे 1973 मे बाघ संरक्षण के लिए शुरू किया गया था, के तहत यह नया अभयारण्य अधिसूचित किया गया है।




70. भारत के फाइनल मे किस टीम को हराकर छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025 जीती -

A - ईरान
B - बांग्लादेश
C - नेपाल
D - थाईलैंड

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने 8 मार्च 2025 को तेहरान मे ईरान को 32-25 से हराकर पांचवीं बार एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप जीती। सोनाली शिंगरे की कप्तानी मे भारत गत विजेता के रूप मे टूर्नामेंट मे उतरा था। सेमीफाइनल मे भारत ने नेपाल को 56-18 से और ईरान ने बांग्लादेश को 41-18 से हराया था। इस चैंपियनशिप मे एशिया की सात टीमे शामिल थीं।



71. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल किस टीम ने जीता ?

A - न्यूजीलैंड
B - ऑस्ट्रेलिया
C - भारत
D - पाकिस्तान

भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती। दुबई मे खेले गए फाइनल मे न्यूजीलैंड ने 252 रन का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने 49 ओवर मे हांसिल कर लिया। यह रोहित शर्मा का 9 महीने मे दूसरा ICC खिताब है, इससे पहले उन्होंने 2024 मे भारत को T20 वर्ल्ड कप जिताया था। भारत ने 2002, 2013 और 2025 मे चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जो ICC द्वारा आयोजित एक प्रमुख वनडे टूर्नामेंट है



72. ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स (GTI) 2025 मे की सूची मे कौनसा देश शीर्ष पर है ?

A - बुर्किना फासो
B - पाकिस्तान
C - सीरिया
D - सोमालिया

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स (GTI) 2025 मे बुर्किना फासो आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बना, जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर रहा। पाकिस्तान मे आंतंकी हमलों मे 45% वृद्धि हुई, और TTP सबसे तेजी से बढ़ता आतंकी समूह बना। सीरिया और माली तीसरे व चौथे स्थान पर है, जबकि भारत 14वे स्थान पर है। इस्लामिक स्टेट (IS) को विश्व का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

73. राष्ट्रीय पोषण (अभियान) मिशन की शुरुआत कब हुई थी ?

A - 8 मार्च, 2018 B - 8 मार्च, 2019

C - 8 मार्च, 2020 D - 8 मार्च, 2020

पोषण अभियान के सात वर्ष 8 मार्च 2025 को पूरे हुए। यह 8 मार्च 2018 को राजस्थान के झुंझुनूं से शुरू हुआ था और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित है। इसका उद्देश्य किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर मे सुधार करना है। अभियान बौनापन, कुपोषण, एनीमिया और कम वजन की समस्याओं को कम करने पर केंद्रित है।



74. हाल ही मे किसे "ईवाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2024 इंडिया" पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

A - शेखर शर्मा B - नितिन कामथ

C - प्रफुल्ल पटेल D - चिराग अग्रवाल

नितिन कामथ को "ईवाई एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2024 इंडिया" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे जीरोधा लिमिटेड के सीईओ है और जून 2025 मे मोंटे कार्लो मे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्य प्रमुख विजेताओं मे के. वी. कामथ (लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड) और डॉ. एस. सोमनाथ (विशेष जूरी पुरस्कार) शामिल है। 2010 मे स्थापित जीरोधा ने डिस्काउंट ब्रोकरेज मॉडल से छोटे निवेशकों के लिए बाजार को सुलभ बनाया और 2020 मे यूनिकॉर्न बना।




75. अभ्यास खंजर किन दो देशों के बीच सयुंक्त सैन्य अभ्यास है ?

A - भारत व बांग्लादेश B - भारत व नेपाल

C - भारत व किर्गिस्तान D - भारत व अमेरिका

अभ्यास खंजर-XII भारत और किर्गिस्तान के बीच 10-23 मार्च 2025 तक किर्गिस्तान मे आयोजित एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इसमे भारत की पैरा रेजिमेंट (विशेष बल) और किर्गिज स्वॉर्पिन ब्रिगेड भाग ले रही है। इसका उद्देश्य आतंकवाद व उग्रवाद से निपटने के लिए संयुक्त रणनीतियों का विकास और आपसी सहयोग को बढ़ाना है।



76. रामसर सचिवालय द्वारा जारी वार्षिक आर्द्रभूमि की दुनिया मे महिला परिवर्तनकर्ता मे आर्द्रभूमि संरक्षण मे उनके प्रयासो के लिए कितनी महिलाओं को सम्मानित किया गया ?

A - 10 B - 11

C - 14 D - 12

डॉ. जयश्री वेकंटेशन "आर्द्रभूमि के विवेकपूर्ण उपयोग" श्रेणी मे प्रतिष्ठित रामसर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। स्विट्जरलैंड स्थित रामसर सचिवालय ने 7 मार्च 2025 को उन्हे "2025 की महिला परिवर्तनकर्ताओं" मे शामिल किया। यह सम्मान आर्द्रभूमि संरक्षण मे महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए दिया जाता है। डॉ. वेकंटेशन "केयर एथ ट्रस्ट" की सह-संस्थापक है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

77. सिद्धांत बंठिया जो हाल ही मे चर्चा मे थे, किस खेल से संबंधित है ?

A - क्रिकेट
B - पुरुष फुटबॉल
C - पुरुष वॉलीबॉल
D - पुरुष टेनिस

2025 रवांडा चैलेंजर टेनिस प्रतियोगिता 3-9 मार्च तक किगाली, रवांडा मे आयोजित की गई थी। यह एटीपी 100 चैलेंजर प्रतियोगिता थी, जिसमे 160,000 डॉलर की पुरस्कार राशि थी। एकल और युगल विजेताओं को 100-100 एटीपी अंक मिले। सिद्धांत बंठिया और अलेक्जेंडर डोंस्की ने युगल खिताब जीता, फाइनल मे फ्रांस के जेफी ब्लैकेनॉक्स और चेक गणराज्य के जेडनेक कोलार की जोड़ी को 6-4, 5-7, 10-8 से हराया।



78. GRIDCON-2025 का उद्घाटन किसने किया ?

A - मनोहर लाल खट्टर
B - पीयूष गोयल
C - अनुराग ठाकुर
D - अमित शाह

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 9 मार्च 2025 को दिल्ली के द्वारका स्थित IICC, यशोभूमि मे 'GRIDCON 2025' का उद्घाटन किया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे 30 देशों के प्रतिनिधि, 2000 सम्मेलन प्रतिभागी, 150 तकनीकी पेपर और 150 प्रदर्शनी कंपनियां शामिल हुईं। इसका विषय "ग्रिड रेजिलिएंस मे नवाचार" था, जिसमे नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट मीटर प्रबंधन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर चर्चा हुई।




79. अभी हाल ही मे किस बैकं ने महिला उद्यमियों के लिए बिना किसी जमानत के डिजीटल SME ऋण शुरू किया है ?

A - HDFC
B - SBI
C - ICICI
D - IDBI

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पर SBI ने महिलाओं उद्यमियों के लिए बिना गारंटी वाला डिजिटल SME ऋण 'SBI अस्मिता' लॉन्च किया, जो पूरी तरह डिजिटल और परेशानी मुक्त है। यह ऋण स्वचालित डेटा सत्यापन और API पारिस्थितिकी तंत्र पर आधारित है। शीर्ष महिला उद्यमियों को उद्यमिता प्रशिक्षण भी मिलेगा। SBI ने "नारी शक्ति" प्लेटिनम डेबिट कार्ड भी पेश किया, जो 100% पुनः नवीनीकरण प्लास्टिक से बना RuPay समर्थित कार्ड है




80. अभी हाल ही मे भारत ने रूस के साथ कौनसे युद्धक टैकों की बात के लिए समझौता हस्ताक्षर हुआ है ?

A - T-73
B - T-72
C - T-74
D - T-75

भारत ने रूस की रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर का समझौता किया, जिसके तहत भारतीय सेना के T-72 टैकों के लिए 1000 HP इंजन खरीदे जाएंगे। इसमे तकनीकी हस्तांतरण शामिल है, जिससे बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड (AVNL) इन इंजनों का स्थानीय उत्पादन कर सकेगी। यह अपग्रेड सेना की युद्ध क्षमता और गतिशीलता बढ़ाएगा।



VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

81. हाल ही मे किस राज्य/केद्रं शासित प्रदेश ने "महिला समृद्धि योजना" को मंजूरी दी है ?

A - दिल्ली
B - तमिलनाडु
C - जम्मू एवं कश्मीर
D - गुजरात

दिल्ली सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है और अनुमान है कि इससे लगभग 17 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। लाभार्थी महिलाओं की आयु 21 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उनके पास बीपीएल कार्ड होना अनिवार्य है।



82. अभी हाल ही मे कंनाडा के नए प्रधानमंत्री कौन निर्वाचित हुए है ?

A - जस्टिन ट्रूडो
B - मार्क कार्नी
C - केरीन केलर
D - वरवाड्रो जर्सी

मार्क कार्नी कनाडा के 24वे प्रधानमंत्री बनने जा रहे है, जिन्होंने लिबरल पार्टी के नेतृत्व के लिए भारी मतों से जीत दर्ज की है। वह मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का स्थान लेगें, जिन्होंने जनवरी 2025 मे इस्तीफे की घोषणा की थी। कार्नी ने 85.9% मतों के साथ जीत हासिल की है। वह कनाडा के पहले ऐसे प्रधानमंत्री होंगे, जिन्हे राजनीति का कोई पूर्व अनुभव नहीं है।




83. भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन किस मार्ग पर चलेगी ?

A - जयपुर-दिल्ली
B - पटन - कोलकाता
C - जींद - सोनीपत
D - लखनऊ-वाराणसी

भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन 31 मार्च, 2025 तक तैयार होने की उम्मीद है। इसे चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) द्वारा निर्मित किया जा रहा है। यह ट्रेन उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन मे जींद-सोनीपत सेक्शन (89 किमी) पर संचालित की जाएगी। हाइड्रोजन ईंधन सेल का उपयोग करने वाली यह पर्यावरण के अनुकूल ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करेगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन और ध्वनि प्रदूषण मे कमी आएगी।



84. अभी हाल ही मे किस राज्य सरकार ने अपने स्वयं का लॉन्च करने की घोषणा की है ?

A - जम्मू एवं कश्मीर
B - छत्तीसगढ़
C - बिहार
D - असम

असम सरकार ने ASSAMSAT नामक अपने पहले उपग्रह को लॉन्च करने की योजना की घोषणा की है, जिससे यह कदम उठाने वाला भारत का पहला राज्य बन जाएगा। यह उपग्रह कृषि, आपदा प्रबंधन, बुनियादी ढांचे के विकास और सीमा सुरक्षा मे सहायता करेगा। इसे IN-SPACE और इसरो के सहयोग से विकसित किया जाएगा, और इसकी अनुमानित लागत 450 से 500 करोड़ रुपये होगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

85. 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' कब से कब तक मनाया गया ?

A - 4 मार्च से 10 मार्च तक
B - 1 मार्च से 6 मार्च तक
C - 3 मार्च से 9 मार्च तक
D - 5 मार्च से 11 मार्च तक

भारत मे 4 मार्च से 10 मार्च 2025 तक 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य कार्यस्थलों पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं को रोकना है। इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) भारत द्वारा किया जाता है, जिसकी स्थापना 4 मार्च 1966 को एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप मे की गई थी।




86. 7वीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 मे कितने देशों को स्थान दिया गया ?

A - 126
B - 138
C - 140
D - 142

IQAir की 7वीं वार्षिक विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 मे भारत को दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों मे से 13 भारत के है, और मेघालय का बर्नीहार दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली 91.8 $\mu g/m^3$ PM2.5 स्तर के साथ दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी।



87. फिडे 2025 विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के ओपन सेक्शन का खिताब किसने जीता ?

A - ग्रैंडमास्टर प्रणव वेंकटेश
B - ग्रैंडमास्टर शिफूजी
C - विश्वनाथ आनंद
D - राकेश रोत

ग्रैंड मास्टर (GM) प्रणव वेंकटेश 2025 विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले 7वे भारतीय बने। उन्होंने स्लोवेनिया के मैटिक लावरेसिक के खिलाफ अंतिम मैच ड्रॉ खेलकर खिताब जीता। महिला खिताब रूस की अन्ना शुखमन ने जीता। यह चैंपियनशिप 26 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक मोंटेनेग्रो के पेट्रोवैक मे हुई, जिसमे 67 देशों के 260 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



88. अभी हाल ही मे भारत मे वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान किसके द्वारा शुरू किया गया है ?

A - वित्त मंत्रालय
B - SBI द्वारा
C - RBI और NCFE द्वारा
D - निम्न मे से कोई नहीं

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केद्रं (NCFE) ने राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा रणनीति (NSFE) के तहत देशभर मे वित्तीय साक्षरता अभियान शुरू किया। इसका लक्ष्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं (18 वर्ष से कम) और वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक), को वित्तीय ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है। प्रमुख बैंकों द्वारा वित्तीय साक्षरता केद्रं स्थापित किए जा रहे है



**89. मॉरीशस किस महासागर मे स्थित है ?**

A - अरब सागर
**B - हिंद महासागर**
C - अटलांटिक महासागर
D - प्रशांत महासागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय मॉरीशस दौरे पर पोर्ट लुईस पहुंचे और वहां के राष्ट्रीय दिवस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। उन्होंने मॉरीशस को ग्लोबल साउथ का सेतु बताया और दोनों देशों की आर्थिक व रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत मॉरीशस मे विभिन्न विकास परियोजनाओं मे सहयोग कर रहा है। मॉरीशस अफ्रीका महाद्वीप मे हिंद महासागर स्थित एक द्वीपीय देश है



**90. हाल ही मे किस राज्य ने "मुख्यमंत्री कन्या आत्मनिर्भर योजना" की शुरुआत की ?**

**A - त्रिपुरा**
B - छत्तीसगढ़
C - उत्तराखंड
D - मेघालय

त्रिपुरा सरकार ने "मुख्यमंत्री बालिका समृद्धि योजना" और "मुख्यमंत्री कन्या आत्मनिर्भर योजना" शुरू की है। पहली योजना के तहत BPL परिवारों की बालिकाओं के नाम पर 50,000 रुपये का बॉन्ड जमा होगा, जो 18 वर्ष की आयु पर 10 लाख रुपये तक बढ़ सकता है। दूसरी योजना के तहत 140 मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी दी जाएगी। त्रिपुरा, जो पहले एक रियासत थी, 1972 मे राज्य बना।



**91. अभी हाल ही मे उत्तर प्रदेश सरकार ने किस स्वतंत्रता सेनानी का बलिया मे स्मारक बनाने की घोषणा की है ?**

A - भगत सिंह
**B - चिन्तु पाण्डेय**
C - सुखदेव
D - राज गुरु

उत्तर प्रदेश सरकार ने बलिया मे स्वतंत्रता सेनानी चिन्तु पाण्डेय के सम्मान मे स्मारक बनाने की घोषणा की है। उन्हे "बलिया के शेर" कहा जाता था और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 19 अगस्त 1942 को उनके नेतृत्व मे बलिया को स्वतंत्र घोषित किया गया था, और वे अंतरिम प्रशासक बने। उनका जन्म 10 मई 1865 को बलिया मे हुआ था और 1946 मे उनका निधन हो गया।



**92. अभी हाल ही मे "आहार-2025" के कौन से संस्करण को प्रदर्शित किया गया ?**

A - 36 वाँ संस्करण
B - 35 वाँ संस्करण
C - 37 वाँ संस्करण
**D - 39 वाँ संस्करण**

APEDA ने नई दिल्ली के भारत मंडपम मे आयोजित आहार 2025 के 39वे संस्करण मे भारत की कृषि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों मे उत्कृष्टता प्रदर्शित की। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को वैश्विक मंच पर लाना, निर्यात बढ़ाना और खाद्य सुरक्षा व नवाचार को प्रोत्साहित करना था। APEDA, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत एक शीर्ष निकाय है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

93. नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 14 मार्च | B - 15 मार्च
C - 16 मार्च | D - 14 मार्च

हर साल 14 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस नदियों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है, जिससे नदी क्षरण, जलवायु परिवर्तन, बाँध निर्माण और प्रदूषण के प्रभावों पर जागरूकता बढ़े। 1997 मे ब्राजील के कुरीतीबा मे हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे इसकी शुरुआत हुई थी। इस वर्ष इसकी 28वीं वर्षगांठ इंटरनेशनल रिवर्स संगठन द्वारा समन्वित की जा रही है। 2024 की थीम "हमारी नदियां, हमारा भविष्य" रखी गई है



94. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की शुरुआत कब हुई ?

A - वर्ष - 2014 | B - वर्ष - 2016
C - वर्ष - 2015 | D - वर्ष – 2017

भारतीय मृदा और भूमि उपयोग सर्वेक्षण (SLUSI) मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) डेटा का उपयोग कर भू-स्थानिक तकनीकों से डिजिटल मृदा उर्वरता मानचित्र तैयार कर रहा है। महाराष्ट्र के 34 जिलों के 351 गांवों के लिए ऐसे मानचित्र बनाए गए है, जो मिट्टी की पोषक संरचना और स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी देते है। यह किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग मे मदद करता है।



95. गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (UAPA) को कब पारित किया गया था ?

A - 1967 | B - 1968
C - 1969 | D - 1970

भारत सरकार ने "जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन" (JKIM) और "अवामी एक्शन कमेटी" (AAC) को UAPA 1967 की धारा 3(1) के तहत 5 साल के लिए विधिविरुद्ध संगठन घोषित किया है। इन पर अलगाववाद, आतंकवाद के समर्थन और सार्वजनिक अशांति भड़काने के आरोप है। UAPA संशोधन 2019 के तहत, सरकार किसी संगठन या व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर सकती है। आरोपी गृह सचिव के समक्ष 45 दिन मे अपील कर सकता है।




96. अभी हाल ही मे भारत ने LCA तेजस AF MK-1 प्रोटोटाइप से किस मिसाइल का सफल परीक्षण किया ?

A - अस्त्र BVRAAM | B - निर्वाण BVRAAM
C - सुरक्षा BVRAAM | D - निम्न मे से कोई नहीं

भारतीय एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) ने स्वदेशी अस्त्र BVRAAM मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जिसे तेजस LCA MK1 प्रोटोटाइप से ओडीशा के चांदीपुर तट पर दागा गया। DRDO द्वारा विकसित इस मिसाइल की मारक क्षमता 100 किमी से अधिक है। परीक्षण ने इसकी सटीकता और क्षमताओं को साबित किया, जिससे भारत की वायु रक्षा प्रणाली मजबूत होगी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**97. अभी हाल ही मे भारत ने किस देश के साथ मुफ्त व्यापार समझौते (FTA) के लिए वार्ता शुरू की है ?**

A - न्यूजीलैण्ड
B - ऑस्ट्रेलिया
C - कनाडा
D - अमेरिका

भारत और न्यूजीलैडं ने एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के लिए औपचारिक वार्ता शुरू की, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। 16 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैडं के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने इसकी घोषणा की। वित्त वर्ष 2024-25 मे भारत का न्यूजीलैडं को निर्यात 21.49% बढ़कर $496 मिलियन और आयात 78.72% बढ़कर $463 मिलियन हो गया, जिससे व्यापार घाटा मात्र $33 मिलियन रहा।



**98. अभी हाल ही मे गूंगल ने अपनी किस ओपन AI मॉडल की नई श्रृंखला को लॉन्च किया है ?**

A - Gemma 2
B - KUSHA 1
C - Gemma 3
D - Nitya 1G

Google ने हाल ही मे "Gemma 3" लॉन्च किया, जो इसकी हल्के और उन्नत ओपन AI मॉडल श्रृंखला का हिस्सा है। यह स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य कंप्यूटिंग डिवाइसों पर कुशलतापूर्वक काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। Gemini 2.0 तकनीक पर आधारित यह मॉडल कम विलंबता के साथ GPU और TPU पर सुचारू रूप से कार्य करता है। यह मल्टी-मॉडल इनपुट प्रोसेसिंग मे संक्षम है



**99. 15 वीं हॉकी इण्डिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप - 2025 किसने जीती ?**

A - हॉकी हरियाणा
B - हॉकी तमिलनाडु
C - हॉकी राजस्थान
D - हॉकी झारखंड

हॉकी झारखंड ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 जीत ली, फाइनल मे हंरियाणा को पेनल्टी शूटआउट मे 4-3 से हराया। मैच 12 मार्च 2025 को पंचकुला मे हुआ और निर्धारित समय तक 1-1 से बराबर था। यह झारखंड का पहला सीनियर महिला खिताब है। मिजोरम ने महाराष्ट्र को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। झारखंड ने सेमीफाइनल मे मिजोरम और हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराया था।




**100. APAAR (ऑटोमेटेड परमानेटं एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) का उद्देश्य है ?**

A - वन नेशन वन स्टूडेटं आईडी
B - छात्रों को रोजगार दिलाना
C - स्टार्टअप संबंधी सुविधा
D - सामाजिक भूमिका निभाना

ऑटोमेटेड परमानेटं एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (APAAR) आईडी छात्र रिकॉर्ड को मानकीकृत करने और शैक्षणिक स्तरों के बीच सुगम बदलाव सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू की गई। यह "वन नेशन, वन स्टूडेटं आईडी" प्रणाली के तहत 12 अंकों की विशिष्ट आईडी प्रदान करती है और डिजिलॉकर व अकेडमिक बैकं ऑफ क्रेडिट से जुड़ी है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**101. अभी हाल ही मे सरकार के किस विभाग के द्वारा "5जी इनोवेशन हैकाथॉन - 2025" की घोषणा की है ?**

A - दूरसंचार विभाग

B - महिला एवं बाल विकास विभाग

C - भारी उद्योग विभाग

D - नागरिक उड्डयन विभाग

दूरसंचार विभाग (DOT) ने 5G इनोवेशन हैकाथॉन 2025 की घोषणा की, जो 6 महीने तक चलेगा। इसका उद्देश्य 5G तकनीक से सामाजिक व औद्योगिक समस्याओं का समाधान विकसित करना है। यह हैकाथॉन छात्रों, स्टार्टअप्स और पेशेवरों के लिए है, जिसमे मेटंरशिप, फंडिंग और 100+ 5G उपयोग केस लैब्स तक पहुंच मिलेगी। AI नेटवर्किंग, 5G प्रसारण, स्मार्ट स्वास्थ्य, औद्योगिक स्वचालन, कृषि, D2M और क्वांटम संचार जैसे क्षेत्रों पर फोकस रहेगा।




**102. आतंकवाद प्रतिघात पर एडीएमएम प्लस विशेषज्ञ कार्यसमूह की बैठक का आयोजन कहाँ किया जाएगा ?**

A - फिलीपींस

B - वियतनाम

C - नई दिल्ली

D - ऑस्ट्रेलिया

आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन प्लस (ADMM-प्लस) के विशेषज्ञ कार्य समूह (EWG) की 14वीं बैठक 19-20 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे होगी, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया करेगें। यह पहली बार है जब भारत इस समूह की सह-अध्यक्षता करेगा। बैठक मे 10 आसियान देशों, आठ संवाद सहयोगियों, तिमोर-लेस्ते और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधि भाग लेगें। रक्षा सचिव रामेश कुमार सिंह उद्घाटन भाषण देगें।



**103. अभी हाल ही मे अकाउंट एग्रीगेटर्स के लिए स्व-नियामक संगठन (SRO) की रूपरेखा किसके द्वारा जारी की है ?**

A - वित्त मंत्रालय

B - रक्षा मंत्रालय

C - तकनीकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

D - RBI

भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) ने खाता एग्रीगेटर (AA) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए स्व-नियामक संगठन (SRO) की रूपरेखा जारी की, जिससे वित्तीय डेटा साझा करने की प्रक्रिया सुगम होगी। इसका उद्देश्य समन्वय, मानकीकरण और विवाद समाधान को बढ़ावा देना है। AA ढांचे मे वित्तीय सूचना प्रदाता (FIP) और उपयोगकर्ता (FIU) NBFC अकाउंट एग्रीगेटर्स से जुड़े होते है। इच्छुक संगठन 15 जून 2025 तक आवेदन कर सकते है।




**104. वित्तीय वर्ष 2025-26 हुए मे मूडीज ने भारत की GDP ग्रोथ रेट का अनुमान कितना लगाया है ?**

A - 6.5 %

B - 6.9 %

C - 9.6 %

D - 7.3 %

मूडीज ने FY 2025-26 मे भारत की आर्थिक वृद्धि 6.5% से अधिक रहने का अनुमान लगाया है, जो FY 2024-25 के 6.3% अनुमान से अधिक है। यह वृद्धि पूंजीगत व्यय, कर कटौती और संभावित ब्याज दर कटौती से प्रेरित होगी। मुद्रास्फीति 4.5% तक गिरने की संभावना है, और फरवरी 2025 मे RBI नीति दर 6.25% हो सकती है। हालांकि, असुरक्षित खुदरा ऋण और माइक्रोफाइनेसं मे तनाव से बैकिंग परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

105. रायसीना डायलॉग 2025 का उद्घाटन किसने किया ?

A - डोनाल्ड ट्रंप
B - क्रिस्टोफर लक्सन
C - नरेंद्र मोदी
D - व्लादिमीर पुतिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17-20 मार्च 2025 तक दिल्ली मे आयोजित रायसीना डायलॉग के दसवे संस्करण का उद्घाटन किया। विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन मे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य वक्ता है। 125 देशों के 3500 से अधिक प्रतिनिधि, जिनमे 20 देशों के विदेश मंत्री शामिल है, भाग ले रहे है। थीम "कालचक्र - पीपुल, पीस एंड प्लानेट" है




106. 'पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना' की शुरुआत कब हुई थी ?

A - 1 मार्च 2024
B - 6 जनवरी 2023
C - 13 फरवरी 2024
D - 2 अक्टूबर 2024

पीएम सूर्यघर योजना ने 10 मार्च 2025 तक 10 लाख घरों मे सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित कर दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर पहल के रूप मे ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 47.3 लाख आवेदनों मे से 6.13 लाख लाभार्थियों को 4770 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई, और 3.10 लाख ऋण आवेदनों मे से 1.58 लाख स्वीकृत हुए। योजना से बिजली बिलों मे बचत, कार्बन उत्सर्जन मे कमी और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिला।




107. फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत कब से हुई ?

A - 29 अगस्त 2019
B - 6 जुलाई 2019
C - 9 मार्च 2018
D - 10 जून 2020

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मे 16-18 मार्च 2025 तक फिट इंडिया कार्निवल आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह फिट इंडिया मूवमेंट के तहत हो रहा है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त 2019 को की थी। कार्निवल मे खेलो इंडिया पैरा गेम्स (20-27 मार्च) के शुभंकर, लोगो और गान का अनावरण होगा।



108. हाल ही मे डिजीटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 से किसे सम्मानित किया गया ?

A - वित्त मंत्रालय
B - IBFC
C - नाबार्ड
D - RBI

भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) को सेट्रंल बैकिंग डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया, जो इसकी दो प्रमुख डिजिटल पहलों "सारथी" और "प्रवाह" की सफलता को मान्यता देता है। "सारथी" (जनवरी 2023) ने RBI के आंतरिक वर्कफ्लो को डिजिटल किया, जबकि "प्रवाह" (मई 2024) ने बाहरी उपयोगकर्ताओं को विनियामक आवेदन प्रस्तुत करने का डिजिटल माध्यम प्रदान किया।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**109. अभी हाल ही मे किसके द्वारा युवाओं को रोजगार देने PM इंटर्नशिप योजना का मोबाइल ऐप लॉन्च किया ?**



A - प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी
B - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
C - विदेश मंत्री एस. जयशंकर
D - गृहमंत्री अमित शाह

केद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS) के लिए एक समर्पित मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जो पंजीकरण, आवेदन और रियल-टाइम अपडेट की सुविधा प्रदान करता है। यह ऐप इंटर्नशिप प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाकर शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने मे मंदद करेगा। योजना की घोषणा केद्रीय बजट 2024-25 मे हुंई थी, जिसका लक्ष्य पांच वर्षो मे 500 कंपनियों मे एंक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप अवसर देना है।

**110. अभी हाल ही मे भारत के किस राज्य ने राज्य मे आने वाले पर्यटकों पर शुल्क लगाया है ?**



A - मणिपुर
B - मेघालय
C - त्रिपुरा
D - सिक्किम

सिक्किम सरकार ने 15 मार्च 2025 से राज्य मे प्रवेश करने वाले पर्यटकों पर 50 रुपये का शुल्क लागू किया, जो 30 दिनों तक वैध रहेगा। पांच साल से कम उम्र के बच्चों और सरकारी ड्यूटी पर आने वाले अधिकारियों को छूट दी गई है। यह शुल्क होटलों द्वारा वसूला जाएगा और हर सप्ताह राज्य पर्यटन खाते मे जंमा किया जाएगा। सरकार इसे पर्यटन स्थिरता विकास कोष मे जंमा कर, पर्यटन अवसंरचना, सड़क संपर्क और स्वच्छता सुधार के लिए उपयोग करेगी।

**111. किस टीम ने तीसरा महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 जीता ?**



A - मुंबई इंडियंस
B - दिल्ली कैपिटल्स
C - रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु
D - यूपी वॉरियर्स

मुंबई इंडियंस ने 15 मार्च 2025 को ब्रेबोर्न स्टेडियम मे खेले गए WPL 2025 के फाइनल मे दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरा खिताब जीता। मुंबई ने 20 ओवर मे 7 विकेट पर 149 रन बनाए, जिसमे हंरमनप्रीत कौर ने 66 रन की पारी खेली। नेट साइबर ब्रंट और हरमनप्रीत ने 89 रनों की साझेदारी की। दिल्ली कैपिटल्स 9 विकेट पर 141 रन ही बना सकी।

**112. पी.एम. युवा 3.0 योजना किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी ?**




A - शिक्षा मंत्रालय
B - गृह मंत्रालय
C - खेल मंत्रालय
D - वित्त मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए PM युवा 3.0 योजना शुरू की। इसका उद्देश्य 30 वर्ष से कम उम्र के उभरते लेखकों को प्रशिक्षित करना और पढ़ने-लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। योजना के तहत लेखकों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा और वे भारत के अतीत, वर्तमान व भविष्य पर लेखन के लिए प्रेरित होंगे। यह पहल साहित्य के क्षेत्र मे नंई प्रतिभाओं को पहचान और अवसर प्रदान करने मे संहायक होगी।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

113. अभी हाल ही मे त्रिनिदाद और टोबैगो के नए प्रधानमंत्री कौन बने है ?

A - स्टुअर्ट यंग
B - मार्क कार्नी
C - जस्टिन ट्रूडो
D - विचमोर

स्टुअर्ट यंग आज सेंट ऐन्स स्थित राष्ट्रपति भवन मे त्रिनिदाद और टोबैगो के नए प्रधानमंत्री के रूप मे शपथ लेगें। वे निवर्तमान प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोली का स्थान लेगें। वर्तमान मे वे ऊर्जा मंत्री है। त्रिनिदाद और टोबैगो, वेस्ट इंडीज का एक द्वीपीय देश है, जिसकी राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन है। यह 1962 मे यूंके से स्वतंत्र हुआ और 1976 मे गणराज्य बना।



114. 'रमाकांत रथ' मुख्य रूप से किस भाषा के साहित्यकार थे ?

A - हिंदी
B - अंग्रेजी
C - उड़िया
D - तमिल

मशहूर उड़िया साहित्यकार रमाकांत रथ का हाल ही मे निधन हो गया। उनका जन्म दिसंबर 1934 मे कटक, ओडिशा मे हुआ था। उन्हे सरला पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार, सरस्वती सम्मान और पद्म भूषण (2006) सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान मिले। उड़िया साहित्य भारतीय साहित्यिक परंपरा का अहम हिस्सा है



115. दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का संगठन (ASEAN) की स्थापना किस वर्ष हुई ?

A - 1956
B - 1959
C - 1967
D - 1969

नई दिल्ली मे 19-20 मार्च 2025 को आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन और आतंकवाद रोधी EWG की 14वीं बैठक होगी, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया करेगें। यह पहली बार है जब भारत इस समूह की सह-अध्यक्षता करेगा। इसमे 10 आसियान सदस्य, 8 साझेदार देश और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आसियान की स्थापना 1967 मे हुई थी, इसका मुख्यालय जकार्ता मे है



116. कबड्डी विश्व कप - 2025 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है ?

A - पाकिस्तान
B - सऊदी अरब
C - न्यूजीलैंड
D - इंग्लैंड

कबड्डी विश्व कप 2025 का आयोजन 17 मार्च से इंग्लैंड मे हो रहा है, जो पहली बार एशिया के बाहर आयोजित किया गया है। भारतीय पुरुष टीम ने पहला मुकाबला इटली के खिलाफ वॉल्वरहैम्प्टन मे खेला। टूर्नामेंट 7 दिन चलेगा, जिसमे 60+ मैच होंगे। पुरुष और महिला दोनों वर्गों मे राउंड रॉबिन प्रारूप अपनाया गया है। 2019 मे मलेशिया मे हुए पहले कबड्डी विश्व कप मे भारत ने दोनों खिताब जीते थे।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

117. नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर और सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी हुई है, उनके किस स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल से यह लैंडिंग हुई ?

A - फ्रीडम
B - फोर्स
C - विलियम्स
D - विलमोर

नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर और सुनीता विलियम्स 18 मार्च (भारतीय समयानुसार 19 मार्च) को 9 महीने अंतरिक्ष मे बिताने के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। बोइंग स्टारलाइनर CFT मिशन की तकनीकी समस्याओं के कारण यह मिशन 10 दिनों से 9 महीने तक बढ़ गया। वे स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन "फ्रीडम" से फ्लोरिडा के पास मेक्सिको की खाड़ी मे लैंड हुए।



118. अभी हाल ही मे केन्द्रीय खेल मंत्री ने किस अभिनेता को "फिट इंडिया आइकन" के रूप मे नामित किया है ?

A - सलमान खान
B - विक्की कौशल
C - आयुष्मान खुराना
D - राजकुमार राव

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को आधिकारिक रूप से "फिट इंडिया आइकन" नामित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली मे इसकी घोषणा की। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 मे शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़े, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।




119. 'वरुण' नौसैनिक युद्धाभ्यास किन दो देशों की सेनाओं के मध्य आयोजित होता है ?

A - भारत व नेपाल
B - भारत व फ्रांस
C - भारत व ऑस्ट्रेलिया
D - भारत व USA

भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'वरुण' का 23वां संस्करण 19-22 मार्च 2025 तक आयोजित होगा। यह वार्षिक अभ्यास 2001 मे शुरू हुआ था और नौसैनिक सहयोग को मजबूत करता है। वरुण 2025 मे INS विक्रांत, चार्ल्स डे गॉल, मिग-29K, राफेल-M, विध्वंसक जहाज और स्कॉर्पीन-क्लास पनडुब्बी शामिल होंगे। अभ्यास मे वायु रक्षा, पनडुब्बी रोधी युद्ध और सतही युद्धाभ्यास होंगे, जिससे दोनों नौसेनाओं की अंतर-संचालनशीलता और समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी।



120. विश्व गौरैया दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 15 मार्च
B - 16 मार्च
C - 19 मार्च
D - 20 मार्च

हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है, 2025 की थीम है - "हमारे छोटे पंख वाले दोस्तों की चहचहाहट को संरक्षित करना"। 2010 मे "नेचर फॉरएवर" संगठन ने इसकी शुरुआत की थी। शहरीकरण, कीटनाशकों और हरियाली की कमी से गौरैया की संख्या घटी है। संरक्षण के लिए "गौरैया बचाओ" मुहिम चलाई गई, जिसका PM मोदी ने समर्थन किया। लोग घोंसले बनाने की जगह दे, हरियाली बढ़ाएं और पानी व अनाज उपलब्ध कराएं।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

121. भारत का पहला PPP आधारित ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट किस शहर मे स्थापित किया गया है ?

A - इंदौर

B - जयपुर

C - लखनऊ

D - बैंगलोर

इंदौर, मध्यप्रदेश मे देश का पहला PPP आधारित ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य हरित अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधनों मे बदलना है। यह परियोजना इंदौर नगर निगम और एस्ट्रॉनॉमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से शुरू हुई है। संयंत्र मे हरित अपशिष्ट से ईको-फ्रेंडली ईंधन, टिकाऊ पैकेजिंग और जैविक उर्वरक बनाए जाएंगे।



122. अभी हाल ही मे होलबर्ग पुरस्कार किसे दिया गया ?

A - महाश्वेता देवी

B - गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक

C - प्रियंका चतुर्वेदी

D - स्वाती मालीवाल

गायत्री स्पिवक को 2025 का होलबर्ग पुरस्कार सत्ता और ज्ञान की संरचनाओं की आलोचना, निरक्षरता उन्मूलन, और उत्तर औपनिवेशिक अध्ययन, नारीवाद व उपनिवेशवाद पर प्रभावशाली कार्य के लिए दिया गया है। नॉर्वेजियन सरकार द्वारा स्थापित यह पुरस्कार अकादमिक क्षेत्र मे नोबेल के समकक्ष माना जाता है और इसके तहत $5,40,000 की राशि दी जाती है।



123. क्वाड (QUAD) समूह की अभी हाल ही मे कहाँ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ?

A - बैंगलोर

B - भुवनेश्वर

C - नई दिल्ली

D - जयपुर

नई दिल्ली मे 17-19 मार्च तक क्वाड कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमे भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और 15 अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य महामारी की तैयारियों को मजबूत करना, समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना और "वन हेल्थ" की अवधारणा को लागू करना था। क्वाड (Quadrilateral Security Dialogue) एक रणनीतिक समूह है



124. अभी हाल ही मे उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा किस जनपद मे मॉडल गांव बनाने का अभियान शुरू किया है ?

A - आगरा जनपद

B - फिरोजाबाद जनपद

C - मथुरा जनपद

D - अयोध्या जनपद

अयोध्या जनपद के 1,147 गांवों को मॉडल गांव बनाने का अभियान शुरू हुआ, जिसकी शुरुआत तारून ब्लॉक के महान मऊ गांव से हुई। यह योजना 772 ग्राम पंचायतों को कवर करती है और गांवों की कनेक्टिविटी, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं मे सुधार पर केंद्रित है। मॉडल गांवों मे स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सतत विकास, रोजगार और डिजिटल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

125. वेवएक्स - 2025 किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है ?

A - केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय B - गृह मंत्रालय

C - वित्त मंत्रालय D - पंचायती राज मंत्रालय

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने वेवएक्स 2025 की शुरुआत की, जो मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल है। यह आयोजन 1-4 मई 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेशंन सेटंर मे IAMAI के सहयोग से होगा। इसमे स्टार्टअप्स को निवेशकों के सामने अपने विचार पेश करने, मीडिया कवरेज, मेटंरशिप और नेटवर्किंग के अवसर मिलेगें।




126. विश्व कविता दिवस कब मनाया जाता है ?

A - 21 मार्च B - 29 मार्च

C - 23 मार्च D - 25 मार्च

विश्व कविता दिवस हर साल 21 मार्च को कविता के महत्व को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नए लेखकों को प्रोत्साहित करना, कविता लेखन, पठन और प्रकाशन को बढ़ावा देना और छोटे प्रकाशकों का समर्थन करना है। इस दिन सरकारी संस्थाएँ, शिक्षक और कवि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते है।




127. "फ्री स्पीच इंडेक्स" मे वैश्विक स्तर पर भारत रैंकिंग क्या है ?

A - 23 वीं B - 24 वीं

C - 25 वीं D - 29 वीं

अमेरिकी थिंक टैकं 'द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच' के वैश्विक सर्वेक्षण मे भारत को 33 देशों मे 24वां स्थान मिला, जिसका फ्री स्पीच इंडेक्स स्कोर 62.6 रहा। यह सर्वे अक्टूबर 2024 मे हुआ और रिपोर्ट "Who in the World Supports Free Speech" शीर्षक से प्रकाशित हुई। नॉर्वे (87.1) और डेनमार्क (87.0) शीर्ष पर रहे, जबकि भारत मे जनता का समर्थन अधिक लेकिन कानूनी संरक्षण कमजोर पाया गया।



128. पत्रकारिता मे उत्कृष्टता के लिए 19 वे रामनाथ गोयनका पुरस्कार 2025 के विजेताओं को किसने पुरस्कार प्रदान किए ?

A - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू B - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

C - गृहमंत्री अमित शाह D - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

'आज तक' की मृदुलिका झा को 2025 का रामनाथ गोयनका पुरस्कार हरियाणा के युवाओं के "डंकी मार्ग" के जरिए अमेरिका मे अवैध प्रवेश की रिपोर्टिंग के लिए मिला। यह पुरस्कार 'इंडियन एक्सप्रेस समूह' द्वारा 2005 मे स्थापित किया गया था और डिजिटल, प्रिंट व प्रसारण पत्रकारिता मे उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और ₹1 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया।



129. VISION-2020 इण्डिया अभियान के सद्भावना राजदूत के रूप मे किसे नियुक्त किया गया है -

A - कृष्णमाचारी श्रीकांत
B - कपिल देव
C - अमिताभ बच्चन
D - निरंजन आर्य

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत को विजन 2020 इंडिया का सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया, जिसका उद्देश्य भारत मे रोके जा सकने वाले अंधत्व को समाप्त करना है। चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय मे इस घोषणा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारत मे 4.6 मिलियन लोग पूरी तरह नेत्रहीन है और 70 मिलियन से अधिक दृष्टि समस्याओं से जूझ रहे है, जिनमे से 80% मामले रोके या ठीक किए जा सकते है।




130. भारत नवाचार शिखर सम्मेलन - टी.बी उन्मूलन के लिए अग्रणी समाधान का आयोजन हुआ ?

A - इंदौर
B - भोपाल
C - लखनऊ
D - नई दिल्ली

भारत नवाचार शिखर सम्मेलन - टीबी उन्मूलन के लिए अग्रणी समाधान 18-19 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया। यह स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, आईसीएमआर और केंद्रीय टीबी प्रभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य 2025 तक टीबी उन्मूलन की प्रगति को तेज करना है। क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु के कारण होता है




131. अभी हाल ही मे ब्रिटेन सरकार की ओर से "लाइफटाइम अचीवमेटं अवार्ड" किस भारतीय अभिनेता को दिया गया ?

A - चिरंजीवी
B - नाना पाटेकर
C - अमिताभ बच्चन
D - पंकज त्रिपाठी

तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार चिरंजीवी को भारतीय सिनेमा, सांस्कृतिक प्रभाव और सार्वजनिक सेवा मे योगदान के लिए "लाइफटाइम अचीवमेटं अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लंदन स्थित थिंक टैकं ब्रिज इंडिया ने यूके संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स मे आयोजित समारोह मे प्रदान किया। चार दशकों के करियर मे उन्होंने 150 से अधिक फिल्मों मे काम किया और कई कलाकारों को प्रेरित किया।



132. अभी हाल ही मे कौन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की अध्यक्ष बनी है ?

A - किर्स्टी कोवेंट्री
B - नताशा स्यॉविच
C - एलिस पेरी
D - झूलन गोस्वामी

जिम्बाब्वे की प्रसिद्ध तैराक किर्स्टी कोवेट्री अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की अध्यक्ष बनीं, 130 वर्षों मे पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्हे 49 वोट मिले, जबकि जुआन एंटोनियो सामरांच जूनियर को 28 और सेबेस्टियन को को 8 वोट मिले। उन्होंने निष्पक्षता, लैगिंक समानता, ओलंपिक आयोजनों की लागत मे कटौती और अफ्रीकी खेल विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।



VISIT OUR WEBSITE
Todaysprint.com

133. सैर फॉर डेवलपमेटं ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) की स्थापना कब की गयी थी ?

A - 19 जुलाई 1986 B - 25 अगस्त, 1984

C - 6 जनवरी, 1983 D - 9 फरवरी, 1981

सेटंर फॉर डेवलपमेटं ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने दूरसंचार और आईटी क्षेत्रों मे नंवाचार को बढ़ावा देने के लिए "समर्थ" इनक्यूबेशन कार्यक्रम शुरू किया। यह स्टार्टअप्स को अनुसंधान, विकास और 5 लाख रुपये तक का अनुदान, लैब सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम साइबर सुरक्षा, 5G/6G, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्वांटम टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है।

134. सेबी (SEBI) ने अभी हाल ही मे सोशल स्टॉक एक्सचेजं (SSE) मे न्यूनतम निवेश सीमा को घटाकर कितना कर दिया है ?




A - 1000 ₹ B - 10000 ₹

C - 1100 ₹ D - 11000 ₹

SEBI ने सोशल स्टॉक एक्सचेजं (SSE) पर सूचीबद्ध Zero Coupon Zero Principal (ZCZP) इंस्ट्रूमेट्ंस मे न्यूनतम निवेश राशि ₹10,000 से घटाकर ₹1,000 कर दी। यह निर्णय छोटे निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने और गैर-लाभकारी संगठनों (NPOs) को अधिक फंडिंग सुनिश्चित करने के लिए लिया गया। ZCZP इंस्ट्रूमेट्ंस मे निवेशकों को कोई ब्याज या मूलधन नहीं मिलता, बल्कि उनका योगदान सामाजिक कार्यों मे जाता है।

135. हाल ही मे किस राज्य/केद्रं शासित प्रदेश की पुलिस ने 'शिष्टाचार' स्क्वॉड लॉन्च किया है ?




A - जम्मू एवं कश्मीर B - उत्तरप्रदेश

C - दिल्ली D - मध्यप्रदेश

दिल्ली पुलिस ने महिलाओं की सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने और छेड़खानी रोकने के लिए सभी जिलों मे "शिष्टाचार" स्कॉड लॉन्च किए। ये दस्ते महिला अपराध (CAW) प्रकोष्ठ के ACP के नेतृत्व मे काम करेगें और संवेदनशील क्षेत्रों मे गंश्त, सार्वजनिक परिवहन मे जांच और सादी वर्दी मे निगरानी करेगें। प्रत्येक स्कॉड मे 1 इंस्पेक्टर, 1 सब-इंस्पेक्टर, 4 महिला अधिकारी, 5 पुरुष अधिकारी और 1 तकनीकी विशेषज्ञ होंगे।

136. अभी हाल ही मे मे किस राज्य सरकार ने कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के हेतु नियंत्रण व विनियमन विधेयक लाया गया है ?



A - राजस्थान B - उत्तरप्रदेश

C - दिल्ली D - तमिलनाडु

राजस्थान विधानसभा मे "राजस्थान कोचिंग सेटंर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक - 2025" प्रस्तुत किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों की आत्महत्या रोकना और कोचिंग संस्थानों के व्यवसायीकरण पर नियंत्रण पाना है। 50+ छात्रों वाले सभी कोचिंग सेटंरों के लिए अनिवार्य पंजीकरण होगा। नियमों के उल्लंघन पर 2-5 लाख रुपये तक का जुर्माना और बार-बार उल्लंघन पर पंजीकरण रद्द किया जाएगा।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

137. विश्व मौसम विज्ञान दिवस 2025 की थीम क्या है ?

A - जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन
B - एक साथ प्रारंभिक चेतावनी अंतर को पाटना
C - मौसम विज्ञान मे नंई तकनीके
D - सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण

विश्व मौसम विज्ञान दिवस 23 मार्च 2025 को मनाया जाएगा, जो WMO की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। इस वर्ष की थीम "एक साथ प्रारंभिक चेतावनी अंतर को पाटना" है, जो चरम मौसम घटनाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने मे प्रांरंभिक चेतावनी प्रणालियों की भूमिका पर जोर देती है। WMO की स्थापना 1950 मे हुई थी और पहला विश्व मौसम विज्ञान दिवस 1961 मे मनाया गया था। मौसम विज्ञान मे उपग्रह, जलवायु मॉडलिंग और अवलोकन नेटवर्क मे प्रगति हुई है, जिससे आपदा प्रबंधन मे संहायता मिली है।




138. विजय शंकर को किस देश के राजा द्वारा नाइट्स क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ डैनेब्रोग से सम्मानित किया गया ?

A - स्वीडन
B - नॉर्वे
C - डेनमार्क
D - फिनलैडं

विजय शंकर, दक्षिण भारत मे डेनमार्क के मानद कॉन्सुल जनरल और सन्मार ग्रुप के चेयरमैन, को डेनमार्क के राजा द्वारा नाइट्स क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ डैनेब्रोग से सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान उत्कृष्ट कॉन्सुलर सेवाओं और भारत-डेनमार्क संबंधों को मजबूत करने मे योगदान के लिए मिला। यह पुरस्कार 18 मार्च 2025 को चेन्नई मे डेनमार्क के राजदूत रासमुस एबिलगार्ड क्रिस्टेंसन ने प्रदान किया। विजय शंकर के परिवार की तीन पीढ़ियों ने डेनमार्क के कॉन्सुल के रूप मे कार्य किया है।



139. 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने वाली मेजबान देशों के बाद पहली टीम कौन बनी ?

A - दक्षिण कोरिया
B - जापान
C - ऑस्ट्रेलिया
D - ईरान

जापान ने 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, मेजबान देशों के बाद ऐसा करने वाली पहली टीम बनी। 20 मार्च 2025 को सैतामा स्टेडियम मे बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत ने जापान को लगातार आठवीं बार विश्व कप मे जगह दिलाई। दाइची कामाडा और टेकफुसा कुबो ने गोल किए। कोच हाजीमे मोरियासु ने टीम के सुधार का संकल्प लिया। ऑस्ट्रेलिया ने इंडोनेशिया को 5-1 से हराकर क्वालीफिकेशन की संभावनाएं बढ़ाईं, जबकि दक्षिण कोरिया और ओमान का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।



140. 'मार्च ऑफ ग्लोरी' पुस्तक के लेखक कौन है ?

A - दिलीप टिर्की और जफर इकबाल
B - हरबिंदर सिंह और अशोक कुमार
C - के. अरुमुगम और एरोल डी'क्रूज़
D - विनीता कुमार और एच. जे. एस. चिमनी

'मार्च ऑफ ग्लोरी' पुस्तक का विमोचन 18 मार्च 2025 को नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम मे हुआ, जिसे हॉकी इतिहासकार के. अरुमुगम और पत्रकार एरोल डी'क्रूज़ ने लिखा है। यह भारत की 1975 हॉकी विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती को समर्पित है और इसमे ऐतिहासिक विजय, प्रमुख मैचों के विवरण, खिलाड़ियों के उद्धरण और दुर्लभ तस्वीरें शामिल है। पुस्तक मे 15 मार्च 1975 को कुआलालंपुर मे पाकिस्तान पर भारत की रोमांचक जीत को दर्शाया गया है।




VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**141. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) हर साल किस तारीख को विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस मनाता है ?**

A - 22 मार्च
B - 24 मार्च
C - 26 मार्च
D - 28 मार्च

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस मनाता है, ताकि इसके स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों के बारे मे जागरूकता बढ़ाई जा सके। यह दिन 1882 मे डॉ. रॉबर्ट कोच द्वारा टीबी के कारक जीवाणु की खोज की वर्षगांठ का प्रतीक है। टीबी दुनिया के सबसे घातक संक्रामक रोगों मे से एक है, जिससे 2023 मे 1.25 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई और 10.8 मिलियन लोग संक्रमित हुए।




**142. राम सुतार को कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ?**

A - भारत रत्न
B - महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार
C - पद्म विभूषण
D - कलादेवी पुरस्कार

वरिष्ठ मूर्तिकार राम सुतार को महाराष्ट्र सरकार के सर्वोच्च नागरिक सम्मान महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री देवेद्रं फडणवीस ने विधानसभा मे की। पुरस्कार के तहत 25 लाख रुपये और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। राम सुतार स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माता के रूप मे प्रसिद्ध है और पद्म भूषण से सम्मानित हो चुके है। उन्होंने मुंबई मे अंबेडकर प्रतिमा, भगवान राम और भगवान शिव की भव्य मूर्तियों सहित कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं पर कार्य किया है।



**143. अनुज कुमार सिंह को UPSC मे किस पद पर नियुक्त किया गया है ?**

A - सहायक सचिव
B - संयुक्त सचिव (निदेशक स्तर)
C - मुख्य सचिव
D - सदस्य सचिव

अनुज कुमार सिंह (IRSEE, 2009) को UPSC, दिल्ली मे संयुक्त सचिव (निदेशक स्तर) नियुक्त किया गया। यह केद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत पांच वर्षों या अगले आदेश तक लागू रहेगा। रेल मंत्रालय की सिफारिश पर चुने गए सिंह अपने तकनीकी और प्रशासनिक अनुभव से UPSC की दक्षता और रणनीति को मजबूत करेगें। उन्हे तंत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश मिले है।




**144. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व मे ट्विटर) ने भारत सरकार के खिलाफ किस न्यायालय मे आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) को चुनौती दी है ?**

A - सुप्रीम कोर्ट
B - दिल्ली उच्च न्यायालय
C - कर्नाटक उच्च न्यायालय
D - बॉम्बे उच्च न्यायालय

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व मे ट्विटर) ने केद्रं सरकार के खिलाफ आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) को कर्नाटक उच्च न्यायालय मे चुनौती दी है। कंपनी का आरोप है कि यह धारा अवैध सेसंरशिप को बढ़ावा देती है और धारा 69ए की प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर रही है। एक्स ने गृह मंत्रालय के "सहयोग" पोर्टल को भी सेसंरशिप पोर्टल बताया। सरकार के अनुसार, एक्स के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन आईटी मंत्रालय ने इस पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**145. संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के कार्यान्वयन के लिए कितना बजट आवंटित किया है ?**

A - 3400 करोड़ ₹ | B - 3500 करोड़ ₹
C - 2400 करोड़ ₹ | D - 1100 करोड़ ₹

संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) 2021-26 तक ₹3400 करोड़ के बजट के साथ पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देगा। 15,000 बछियों के लिए 30 पालन केंद्र स्थापित होंगे, कार्यान्वयन एजेंसियों को 35% पूंजीगत सहायता मिलेगी, और किसानों को HGM बछिया खरीदने हेतु ऋण पर 3% ब्याज अनुदान मिलेगा। नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, बैल प्रजनन, और लिंग-विशिष्ट वीर्य उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।



**146. कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत छोटे व्यापारियों के लिए किस मूल्य तक के यूपीआई लेन देन को शामिल किया गया है ?**

A - 1500 ₹ | B - 2000 ₹
C - 2500 ₹ | D - 5000 ₹

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए छोटे व्यापारियों के ₹2000 तक के भीम-यूपीआई (P2M) लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु ₹1500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना मंजूर की। व्यापारियों को 0.15% प्रोत्साहन मिलेगा, और अधिग्रहण बैंकों को 80% राशि तुरंत व 20% तकनीकी मानकों पर वितरित होगी। इससे डिजिटल भुगतान बढ़ेगा, नकदी पर निर्भरता घटेगी, और पारदर्शिता बढ़ेगी।




**147. नामरूप - IV अमोनिया - यूरिया कॉम्प्लेक्स कहाँ स्थापित किया जाएगा ?**

A - राजस्थान | B - मध्यप्रदेश
C - असम | D - बिहार

केंद्र सरकार ने असम मे ₹10,601.40 करोड़ की लागत से नामरूप-IV अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स को मंजूरी दी, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन होगी। यह पूर्वोत्तर भारत और पड़ोसी राज्यों की यूरिया मांग पूरी करेगा, रोजगार बढ़ाएगा और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करेगा। असम सरकार की 40% और अन्य कंपनियों की 60% हिस्सेदारी होगी।



**148. फरवरी 2025 मे भारत का माल व्यापार घाटा कितने बिलियन डॉलर था ?**

A - 11 बिलियन डॉलर | B - 12.6 बिलियन डॉलर
C - 18.7 बिलियन डॉलर | D - 14.05 बिलियन डॉलर

फरवरी 2025 मे भारत का माल व्यापार घाटा 42 महीनों के निचले स्तर 14.05 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो सोना, चाँदी और कच्चे तेल के आयात मे गिरावट के कारण हुआ। आयात 16.3% घटकर 50.9 बिलियन डॉलर रहा, जबकि निर्यात 36.9 बिलियन डॉलर रहा। सेवाओं का निर्यात 35.3 बिलियन डॉलर तक बढ़ा, लेकिन कुल निर्यात मे 10.84% की गिरावट हुई।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

149. इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन किस झील के किनारे स्थित है ?

A - डल झील
B - सांभर झील
C - मानसबल झील
D - वुलर झील

एशिया का सबसे बड़ा इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन 26 मार्च को कश्मीर मे जनता के लिए खुलेगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला करेंगे। डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच फैले 55 हेक्टेयर मे इस साल 17 लाख ट्यूलिप लगाए गए है, जिससे कुल 74 किस्मे उपलब्ध होंगी। ट्यूलिप की उत्पत्ति तुर्की और मध्य एशिया मे हुई, जबकि नीदरलैंड इसकी खेती के लिए प्रसिद्ध है।



150. हाल ही मे भारत ने सांस्कृतिक संपदा करार (CPA) किस देश के साथ किया है ?

A - जापान
B - संयुक्त राज्य अमेरिका
C - जर्मनी
D - इंग्लैड

भारत और अमेरिका ने भारतीय पुरावशेषों की तस्करी रोकने के लिए सांस्कृतिक संपदा करार (CPA) पर हस्ताक्षर किए। यह निवारक करार बिना समय सीमा के है और 1.7 मिलियन वर्ष पूर्व से 1947 तक की सांस्कृतिक सामग्रियों के अमेरिका मे आयात पर प्रतिबंध लगाता है। अब तक अमेरिका से 588 पुरावशेष लौटाए जा चुके है, जिनमे 297 वर्ष 2024 मे मिले।




151. दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोजन भंडार कहाँ खोजा गया ?

A - फ्रांस
B - जर्मनी
C - ग्वाटेमाला
D - द. सूडान

फ्रांस के मोसेल क्षेत्र मे फोल्सविलर के नीचे दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक हाइड्रोजन भंडार मिला, जिसमे 46 मिलियन टन सफेद हाइड्रोजन है, जिसकी अनुमानित कीमत 92 ट्रिलियन डॉलर है। यह भंडार 1250 मीटर की गहराई पर पाया गया और इसकी खोज जियोरिसोर्सेज प्रयोगशाला और CNRS के वैज्ञानिकों ने की। सफेद हाइड्रोजन स्वाभाविक रूप से बनता है और इसके निष्कर्षण से $CO_2$ उत्सर्जन नहीं होगा।




152. अभी हाल ही मे हिंदी भाषा मे ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक है ?

A - केदारनाथ सिंह
B - अमरकांत
C - कुँवर नारायण
D - विनोद कुमार शुक्ल

प्रख्यात हिंदी कवि और लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 2024 का 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। वे यह सम्मान पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले और हिंदी साहित्य के 12वे व्यक्ति है। 88 वर्षीय शुक्ल का जन्म राजनांदगांव मे हुआ और उनकी प्रमुख रचनाएँ नौकर की कमीज, दीवार मे एक खिड़की रहती थी और खिलेगा तो देखेंगे है। ज्ञानपीठ पुरस्कार भारत का प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान है



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

153. स्टॉकहोम जल पुरस्कार की शुरुआत कब हुई थी ?

A - वर्ष - 1991 B - वर्ष - 1992

C - वर्ष - 1993 D - वर्ष – 1996



प्रसिद्ध जलविज्ञानी गुंटर ब्लोस्चेल को 2025 स्टॉकहोम जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वे वियना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे प्रोफेसर है और उनके शोध ने बाढ़ जोखिम आकलन व जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की समझ को बढ़ाया है। स्टॉकहोम जल पुरस्कार जल विज्ञान, प्रबंधन और संरक्षण मे उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसे स्टॉकहोम वाटर फाउंडेशन द्वारा रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के सहयोग से प्रदान किया जाता है।

154. जैव प्रौधोगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद की स्थापना कब हुयी थी ?

A - वर्ष - 2010 B - वर्ष - 2011

C - वर्ष - 2012 D - वर्ष – 2014




भारत सरकार ने 21 मार्च 2025 को "बायोसारथी" पहल शुरू की, जिसे केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लॉन्च किया। यह BIRAC के 13वें स्थापना दिवस पर शुरू हुआ छह महीने का कार्यक्रम है, जो मेंटर-मेंटी जुड़ाव, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देगा। इसी कार्यक्रम मे "भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025" भी जारी की गई।

155. हाल ही मे किस राज्य के विधानसभा मे 'सांकेतिक भाषा' कार्यवाही शुरू की है ?

A - पंजाब B - राजस्थान

C - मध्यप्रदेश D - छत्तीसगढ़



पंजाब भारत का पहला राज्य बना जिसने विधानसभा कार्यवाही का प्रसारण सांकेतिक भाषा मे किया। यह पहल बधिर व्यक्तियों को विधायी चर्चाओं और सरकारी नीतियों से अवगत कराने के लिए की गई। बजट सत्र की शुरुआत मे राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का अभिभाषण सांकेतिक भाषा मे प्रसारित हुआ। यह कदम RPWD अधिनियम, 2016 की धारा 40 के तहत उठाया गया, जो दिव्यांगों के लिए सुलभ संचार प्रणाली का प्रावधान करता है।

156. अभी हाल ही मे केन्द्रीय वित्त सचिव किसे नियुक्त किया है ?

A - तुहिन कांता पांडे B - अजय सेठ

C - अखिल अरोड़ा D - रुपि शर्मा



भारत सरकार ने वरिष्ठ IAS अधिकारी अजय सेठ को नया वित्त सचिव नियुक्त किया। वे तुहिन कांता पांडे का स्थान लेंगें और वर्तमान मे वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव है। अजय सेठ ADB बोर्ड ऑफ गवर्नर्स मे भारत के वैकल्पिक गवर्नर है। वे कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के IAS अधिकारी है और IIT रुड़की से B.Tech तथा एटेनिओ डी मनीला विश्वविद्यालय से MBA कर चुके है

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**157. जलशक्ति अभियान - कैच द रेन अभियान 2025 का छठा संस्करण का शुभारंभ कहाँ किया गया ?**




A - पंचकुला (हरियाणा)
B - आगरा (उत्तरप्रदेश)
C - जैसलमेर (राजस्थान)
D - धार (मध्यप्रदेश)

जल शक्ति अभियान, कैच द रेन - 2025 का छठा संस्करण 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस पर पंचकुला, हरियाणा मे शुरू हुआ। यह अभियान 148 जल संकटग्रस्त जिलों पर केंद्रित रहेगा। जल शक्ति अभियान 2019 मे शुरू हुआ और 2021 मे इसे "कैच द रेन" नाम दिया गया। इसका उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

**158. राष्ट्रीय ई - विधान एप्लीकेशन (नेवा) मे शामिल होने वाली भारत की 28 वीं विधायिका कौनसी है ?**



A - पंजाब
B - हरियाणा
C - तमिलनाडू
D - दिल्ली

दिल्ली राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) मे शामिल होने वाला भारत का 28वां विधानमंडल बन गया है, जो विधायी प्रक्रियाओं को डिजिटल और कागज रहित बनाने की दिशा मे एक बड़ा कदम है। नागालैंड ने 2022 मे इसे लागू करने वाला पहला राज्य था। 22 मार्च 2025 को दिल्ली विधानसभा ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के साथ MOU पर हस्ताक्षर किए।

**159. अभी हाल ही मे किस राज्य सरकार ने "वरिष्ठ नागरिक आयोग" स्थापित करने की घोषणा की है ?**



A - कर्नाटक
B - केरल
C - पंजाब
D - राजस्थान

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने "केरल राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग अधिनियम - 2025" पारित कर वरिष्ठ नागरिक आयोग की स्थापना की है। यह आयोग बुजुर्गों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करने तथा नीति निर्माण मे सलाह देने वाला पहला वैधानिक निकाय है। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, पुनर्वास और सशक्तिकरण के प्रति केरल सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**160. अप्रैल - 2025 मे आयोजित होने वाले पहले भारत अफ्रीका समुद्री नौसैनिक अभ्यास का नाम क्या है ?**




A - ऐकेमी
B - बुरुंडी
C - प्रयास
D - सारथी

भारत अप्रैल 2025 मे तंजानिया के साथ मिलकर हिंद महासागर मे ऐकीमे नामक समुद्री अभ्यास की सह-मेजबानी करेगा, जिसमे 10 अफ्रीकी देश भाग लेगें। यह अभ्यास 13-18 अप्रैल को दार एस सलाम के पास खुले समुद्र मे आयोजित होगा, जिसमे भारत और तंजानिया के अलावा दक्षिण अफ्रीका, केन्या, इरिट्रिया, कोमोरोस, जिबूती, मेडागास्कर, मॉरीशस, सेशेल्स और मोज़ाम्बिक शामिल होंगे।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**161. बैकंनेट पोर्टल की शुरुआत कब हुई ?**

**A - 3 जनवरी - 2025** | B - 3 जनवरी - 2024

C - 6 अप्रेल - 2023 | D - 6 मार्च – 2023

सरकार ने सार्वजनिक बैकों की संपत्ति नीलामी को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए "बैकंनेट" और "ई-बीकेरे" प्लेटफॉर्म लॉन्च किए। "ई-बीकेरे" (2019) बैकों की जब्त परिसंपत्तियों की सूची और ई-नीलामी की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे खरीदारों को विभिन्न संपत्तियां देखने और बेहतर विकल्प चुनने की सुविधा मिलती है।



**162. भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) की स्थापना कब हुई थी ?**

A - वर्ष - 1981 | **B - वर्ष - 1984**

C - वर्ष - 1986 | D - वर्ष – 1988

भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) की वार्षिक आम बैठक 22 मार्च 2025 को नई दिल्ली मे हुई, जिसमे श्री अशोक सिंह ठाकुर को तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया। INTACH (स्थापना : 1984) भारतीय संस्कृति और विरासत संरक्षण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे "सांस्कृतिक बैकं" कहा जाता है। 2004 मे अपनाए गए चार्टर को बदलती विरासत आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किया जा रहा है



**163. हाल ही मे किस राज्य ने गंगा नदी गलियारा बनाने की घोषणा की है ?**

A - असम | B - बिहार

C - उत्तरप्रदेश | **D - उत्तराखण्ड**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगा और शारदा नदियों के किनारे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गलियारे विकसित करने की योजना की घोषणा की। इस परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे का विकास होगा, जिससे तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी और सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत संरक्षित होगी। मुख्यमंत्री ने वैदिक ज्ञान को वैज्ञानिक प्रगति की प्रेरणा बताते हुए योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्व पर जोर दिया।



**164. कबड्डी विश्व कप - 2025 का आयोजन कहाँ किया गया ?**

**A - इंग्लैडं** | B - जर्मनी

C - भारत | D - जापान

भारत ने इंग्लैडं के वॉल्वरहैम्पटन मे आयोजित पुरुष और महिला कबड्डी विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया। यह पहली बार था जब टूर्नामेटं एशिया के बाहर हुआ। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों मे भारत विजेता और इंग्लैडं उपविजेता रहा। प्रतियोगिता मे 10 पुरुष और 6 महिला टीमे शामिल थीं। पुरुष वर्ग मे ग्रुप ए मे हंगरी, इंग्लैडं, पोलैडं, जर्मनी और यूएसए, जबकि ग्रुप बी मे भारत, इटली, स्कॉटलैडं, वेल्स और हांगकांग (चीन) की टीमे थीं।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**165. हाल ही मे उत्तरप्रदेश सरकार ने किस शहर मे डॉल्फिन सफारी बनाने की घोषणा की ?**



A - आगरा
B - वाराणसी
C - मथुरा
D - बाराबंकी

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाराणसी मे डॉल्फिन सफारी बनाने की घोषणा की, जो कैथी से ढकवा गांव के बीच प्रस्तावित है, जहां गंगा नदी मे डॉल्फिन की संख्या अधिक है। डॉल्फिन संरक्षण के लिए 'डॉल्फिन मित्र' नियुक्त किए गए है। गंगा नदी डॉल्फिन (Platanista gangetica) भारत, नेपाल और बांग्लादेश मे पाई जाती है और IUCN की रेड लिस्ट मे लुप्तप्राय प्रजाति के रूप मे सूचीबद्ध है।

**166. भारत-नेपाल साहित्य महोत्सव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया ?**



A - काठमांडू
B - दिल्ली
C - वृंदावन, मथुरा
D - जयपुर

वृंदावन, मथुरा मे भारत-नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव 21-23 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ। इसका आयोजन गीता शोध संस्थान, रासलीला अकादमी और क्रांति धरा साहित्य अकादमी, मेरठ द्वारा किया गया। महोत्सव का उद्देश्य भारत-नेपाल के साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना था, जिसमे 180 से अधिक साहित्यकार, लेखक और पत्रकारों ने भाग लिया।

**167. "युग-युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय" को कहाँ स्थापित किया जायेगा ?**



A - नई दिल्ली
B - लखनऊ
C - जयपुर
D - भोपाल

युगे-युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली मे प्रस्तावित एक राष्ट्रीय संग्रहालय है, जिसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत नॉर्थ और साउथ ब्लॉक मे स्थापित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। इसके विकास के लिए 19 दिसंबर 2024 को भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय और फ्रांस म्यूजियम्स डेवलपमेंट के बीच तकनीकी सहयोग समझौता हुआ।

**168. अभी हाल ही मे भारत सरकार ने कुल कितने चीनी उत्पादों पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है ?**



A - 5
B - 6
C - 7
D - 10

भारत सरकार ने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए एल्यूमिनियम फॉइल, ट्राइक्लोरो आइसोस्यान्यूरिक एसिड, सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क और PVC पेस्ट रेजिन पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई DGTR की सिफारिशों के बाद यह निर्णय लिया गया। इन उत्पादों को कम कीमत पर निर्यात करने से भारतीय उद्योगों को नुकसान हो रहा था।

169. अभी हाल ही मे नीति आयोग का पूर्व कालिक सदस्य किसे नियुक्त किया है ?

A - राजीव गौबा | B - डॉ. विनोद पॉल

C - प्रो. रमेश चंद | D - अमिताभ कांत

पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। वे 1982 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी है और कई अहम पदों पर कार्य कर चुके है। नीति आयोग मे अब वे डॉ. वी.के. सारस्वत, प्रो. रमेश चंद और डॉ. विनोद पॉल के साथ पूर्णकालिक सदस्य होंगे। आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सुमन बेरी और सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम है।



170. अभी वर्तमान मे भारत मे कौनसी पशुधन गणना की जा रही है ?

A - 20 वीं | B - 21 वीं

C - 18 वीं | D - 22 वीं

21वीं पशुधन गणना 25 अक्टूबर 2024 से शुरू हुई है और 31 मार्च 2025 तक पूरी होने की संभावना है। यह पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा हर 5 साल मे की जाती है। इस बार की गणना मे भैसं, बकरी, भेड़, याक, मिथुन, ऊंट, हाथी, मुर्गी आदि कुल 15 प्रजातियाँ शामिल है। इसका उद्देश्य नीति निर्माण, नस्ल संरक्षण, पशुधन कल्याण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना है। यह देश के पशुधन संसाधनों के प्रबंधन मे अहम भूमिका निभाएगी।



171. पशुधन बीमा योजना किसके तहत संचालित होती है ?

A - जल जीवन मिशन | B - हर घर पशु योजना

C - राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) | D - ग्रामीण रोजगार योजना

चालू वित्त वर्ष मे अब तक 21.01 लाख पशुधन का बीमा किया गया है। यह बीमा राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) की पशुधन बीमा योजना के तहत किया गया है। किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रीमियम मे उनकी हिस्सेदारी घटाकर 15% कर दी गई है। पहाड़ी व पूर्वोत्तर राज्यों मे केद्रं-राज्य हिस्सेदारी 90:10, अन्य राज्यों मे 60:40 और केद्रंशासित प्रदेशों मे पूरा प्रीमियम केद्रं वहन करेगा।



172. आई एस टी ए एफ सेपक टकरा विश्व कप 2025 का आयोजन कहाँ किया गया ?

A - राजस्थान | B - मध्यप्रदेश

C - गुजरात | D - बिहार

भारत ने ISTAF सेपक टकरा विश्व कप 2025 मे मिश्रित क्वाड श्रेणी मे कांस्य, महिला युगल मे रंजत और पुरुष टीम स्पर्धा मे कांस्य पदक जीते। यह टूर्नामेटं 20–25 मार्च 2025 तक पाटलिपुत्र इंडोर स्टेडियम, बिहार मे हुआ। थाईलैडं ने मिश्रित क्वाड मे स्वर्ण पदक जीता। भारत के प्रदर्शन की सराहना हुई और सेपक टकरा खेल के प्रति देश मे रुचि बढ़ी।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

173. किस भारतीय पहलवान ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2025 मे कांस्य पदक जीता है ?

A - बजरंग पूनिया　　B - लक्ष्य सेन

C - सुशील कुमार　　D - सुनील कुमार

भारतीय पहलवान सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 (अम्मान, जॉर्डन) मे 87 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग मे कांस्य पदक जीता। उन्होंने चीन के जियाक्सिन हुआंग को हराया। सेमीफाइनल मे उन्हे ईरान के पहलवान से हार मिली। क्वार्टरफाइनल मे उन्होंने ताजिकिस्तान के पहलवान को 10-1 से हराया। यह पदक भारतीय कुश्ती के लिए गर्व की बात है और युवा पहलवानों के लिए प्रेरणा है।



174. सांसदों के मासिक वेतन मे कितने प्रतिशत की वृद्धि की गयी है ?

A - 25 %　　B - 24 %

C - 10 %　　D - 20 %

भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन मे वृद्धि की है। मासिक वेतन ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹1.24 लाख (24% वृद्धि), दैनिक भत्ता ₹2000 से ₹2500 (25% वृद्धि), मासिक पेंशन ₹25,000 से ₹31,000 (24% वृद्धि) कर दी गई है। यह संशोधन "संसद सदस्यों का वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम-1954" के तहत हुआ, जिसमे हर 5 साल मे मुंद्रास्फीति के आधार पर संशोधन तय है।



175. किस देश ने मार्च - 2025 मे न्यू डेवलपमेटं बैकं मे शांमिल होने के अपने निर्णय की घोषणा की है -

A - इंडोनेशिया　　B - मंगोलिया

C - पाकिस्तान　　D - तुर्की

इंडोनेशिया न्यू डेवलपमेटं बैकं (NDB) मे शामिल होने वाला 9वां देश बना है। इसकी घोषणा राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो ने 25 मार्च 2025 को NDB अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ से मुलाकात के दौरान की। इंडोनेशिया ब्रिक्स समूह मे शामिल होने वाला 10वां सदस्य और दक्षिण-पूर्व एशिया से पहला देश है। ब्रिक्स के वर्तमान सदस्य : ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया।NDB की स्थापना 2015 मे हुई थी और इसका मुख्यालय शंघाई, चीन मे है।



176. 'नेटुम्बो नंदी नदैतवाह' किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनी है ?

A - जिम्बाब्वे　　B - केन्या

C - नामीबिया　　D - युगाण्डा

नेटुम्बो नंदी नदैतवाह 21 मार्च 2025 को नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। वे SWAPO पार्टी की वरिष्ठ नेता है और उन्होंने नवंबर 2024 के चुनाव मे 58% वोटों से जीत दर्ज की। शपथ ग्रहण समारोह देश के 35वे स्वतंत्रता दिवस पर हुआ। उन्होंने अगले पाँच वर्षों मे कृषि, मत्स्य और रचनात्मक क्षेत्रों मे निवेश कर 5 लाख नौकरियाँ सृजित करने का लक्ष्य रखा है। 2023 मे 18-34 वर्ष के 44% युवा बेरोजगार थे।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

177. अभी हाल ही भारत के किस राज्य मे सौ से अधिक मेगालिथिक दफन स्थल मिले है ?

A - केरल | B - कर्नाटक
C - तमिलनाडु | D - महाराष्ट्र

केरल के पलक्कड़ जिले मे मंलमपुझा बांध के पास 45 हेक्टेयर क्षेत्र मे 110+ मेगालिथिक दफन स्थल मिले है। ASI की इस खोज से प्रारंभिक लौह युग के समाज की समझ बढ़ेगी। इनमे सिस्ट कब्रे, कलश, पत्थर के घेरे और डोलमेन्स जैसी संरचनाएं शामिल है। यह केरल मे अब तक की सबसे बड़ी मेगालिथिक खोज मानी जा रही है



178. अभी हाल ही मे भारत ने किस देश के साथ मिलकर हरित और डिजीटल शिपिंग कॉरिडोर के लिए समझौता किया है ?

A - चीन | B - जापान
C - सिंगापुर | D - अमेरिका

भारत और सिंगापुर ने ग्रीन और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (GDSC) के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसका लक्ष्य शिपिंग क्षेत्र मे डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देना है। यह समझौता सिंगापुर समुद्री सप्ताह 2025 (24-28 मार्च) के दौरान हुआ। इस पहल से शून्य या न्यूनतम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन वाली तकनीकों और डिजिटल समाधानों को बढ़ावा मिलेगा।




179. हाल ही मे भारत ने अपनी पहली स्वदेशी चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (MRI) मशीन विकसित की है, उसे किस संस्थान मे स्थापित किया जाएगा ?

A - एम्स नई दिल्ली | B - SMS जयपुर
C - अपोलो अस्पताल, चेन्नई | D - निम्न मे से कोई नहीं

भारत ने अपनी पहली स्वदेशी 1.5 टेस्ला MRI मशीन विकसित की, जो चिकित्सा तकनीक मे आत्मनिर्भरता की दिशा मे एक बड़ा कदम है। यह अक्टूबर तक AIIMS, नई दिल्ली मे स्थापित होगी। इसका लक्ष्य चिकित्सा उपचार की लागत को 50% तक कम करना और आयात पर निर्भरता घटाना है।



180. मार्च 2025 मे अरुणाचल प्रदेश मे आयोजित प्रचंड प्रहार सैन्य अभ्यास की मेजबानी किसने की ?

A - भारतीय वायुसेना | B - भारतीय सेना की पूर्वी कमान
C - गृह मंत्रालय | D - रक्षा मंत्रालय

तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास "प्रचंड प्रहार" 25-27 मार्च 2025 को अरुणाचल प्रदेश मे उत्तरी सीमा पर संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों मे समन्वित युद्ध क्षमता का परीक्षण करना था। सेना, वायुसेना और नौसेना ने संयुक्त रूप से निगरानी, लक्ष्य पहचान और नष्ट करने की रणनीति अपनाई। इस अभ्यास मे लड़ाकू विमान, लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली, मध्यम तोपखाने, झुंड ड्रोन, कामिकेज़ ड्रोन और सशस्त्र हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

**181. RBI ने 1 मई 2025 से किसी अन्य बैकं के ATM की नकद निकासी पर कितने रुपए का अतिरिक्त शुल्क बढ़ाया है ?**

A - 6 ₹ B - 7 ₹

C - 3 ₹ **D - 2 ₹**



भारतीय रिजर्व बैकं ने 1 मई 2025 से एटीएम इंटरचेजं शुल्क बढ़ाने की मंजूरी दी है। अब अन्य बैकों के एटीएम से फ्री लेनदेन सीमा पार करने पर नकद निकासी पर ₹19 और बैलेसं जांच पर ₹7 शुल्क लगेगा। यह वृद्धि व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों के अनुरोध पर की गई है, जिससे छोटे बैकं ग्राहकों पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है। डिजिटल भुगतान मे वृद्धि के चलते एटीएम उपयोग घटा है, जिससे नकद लेनदेन पर निर्भर ग्राहकों पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है।

**182. किस भारतीय मूल की अमेरिकी महिला को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (NIH) के निदेशक के रूप मे पुंष्टि की गई है ?**

**A - जय भट्टाचार्य** B - कमला हैरिस

C - तुलसी गबार्ड D - ऊषा वैस



अमेरिकी सीनेट ने डॉ. जय भट्टाचार्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (NIH) के निदेशक के रूप मे नियुक्त करने की पुष्टि की। उन्हे डोनाल्ड ट्रम्प ने नामित किया था। कोलकाता मे जन्मे भट्टाचार्य स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय मे स्वास्थ्य नीति और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर है। कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन और मास्क अनिवार्यता के विरोध के कारण वे विवादों मे रंहे। ट्रम्प प्रशासन मे कंई भारतीय मूल के अमेरिकियों को प्रमुख पद मिले है

**183. दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश कौन सा है ?**

A - चीन **B - भारत**

C - केन्या D - मंगोलिया



भारत 2024 मे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बन गया, श्रीलंका को पीछे छोड़ते हुए। भारतीय चाय बोर्ड के अनुसार, भारत ने 254 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात की, जो 2023 के 231 मिलियन किलोग्राम से अधिक है। केन्या 500 मिलियन किलोग्राम से अधिक निर्यात के साथ शीर्ष पर रहा। भारत का लक्ष्य 2030 तक 300 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात करना है। 2024 मे चाय निर्यात से 7112 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**184. डिजीटल फसल सर्वेक्षण प्रणाली का नोडल मंत्रालय कौनसा है ?**

**A - कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** B - गृह मंत्रालय

C - वित्त मंत्रालय D - कार्मिक मंत्रालय



केद्रं सरकार ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण (DCS) प्रणाली शुरू की, जो वास्तविक समय मे फसल डेटा एकत्र करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित है। यह मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से खेतों की सटीक जानकारी प्रदान करती है, जिससे उत्पादन अनुमान और पारदर्शिता बढ़ेगी। सरकार ने एग्री स्टैक विकसित किया है, जो डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के तहत किसानों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

185. भारत नेट प्रोजेक्ट की शुरुआत कब हुई ?

A - वर्ष 2011 B - वर्ष 2009

C - वर्ष 2008 D - वर्ष 2010

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने राज्यसभा मे बंताया कि 2.18 लाख ग्राम पंचायते भारतनेट परियोजना के तहत हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए तैयार है, जिसे मार्च 2027 तक पूरा करने की योजना है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है और फाइबर टू द होम (FTTH) व मोबाइल टावर बैकहॉल सेवाओं के लिए उपयोग होगी। बीएसएनएल को 5 वर्षों मे 1.5 करोड़ FTTH कनेक्शन देने का लक्ष्य है।



186. वर्ष 2025 का ऐबेल पुरस्कार किसे दिया गया ?

A - विलियम बेटिक B - मासाकी काशीवारा

C - एंड्र्यू साइमंड D - निष्ठा मुखर्जी

जापानी गणितज्ञ मसाकी काशीवारा को बीजगणितीय विश्लेषण और प्रतिनिधित्व सिद्धांत मे योगदान के लिए एबेल पुरस्कार मिला, विशेष रूप से डी-मॉड्यूल के सिद्धांत और क्रिस्टल बेस की खोज के लिए। एबेल पुरस्कार गणित मे अग्रणी उपलब्धियों को मान्यता देता है और इसे नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा प्रदान किया जाता है। इसकी स्थापना 2002 मे हुई थी और इसे नोबेल पुरस्कार के समकक्ष माना जाता है।



187. पंबन ब्रिज किस राज्य मे स्थित है ?

A - राजस्थान B - आंध्रप्रदेश

C - तमिलनाडु D - महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी 6 अप्रैल 2025 (रामनवमी) को ₹535 करोड़ की लागत से बने नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन करेगें, जो रामनाथपुरम को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है। इसी दिन वह तांबरम-रामेश्वरम नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। दक्षिण रेलवे ने 26 मार्च 2025 को पुल का निरीक्षण और परीक्षण पूरा किया।



188. पंजाब के किस जिले मे झज्जर बचौली वन्यजीव अभयारण्य स्थित है ?

A - रूपनगर B - जालंधर

C - गुरुदासपुर D - पटियाला

पंजाब सरकार झज्जर-बचौली वन्यजीव अभयारण्य को तेदुंआ सफारी पार्क के रूप मे विकसित करेगी, जिससे पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। श्री आनंदपुर साहिब के निकट स्थित यह राज्य का पहला वन्यजीव अभयारण्य होगा, जिसे 1998 मे संरक्षित घोषित किया गया था। यह 1.16 वर्ग किमी. मे फैला है और 2017 मे पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र घोषित हुआ।



VISIT OUR WEBSITE

Todaysprint.com

189. अभी हाल ही मे भारत सरकार के द्वारा किस स्वर्ण योजना के मध्यम व दीर्घकालिक जमा को बंद करने का निर्णय लिया है ?

A - सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड
B - स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (GMS)
C - मथुर फाइनेसं द्वारा संचालित
D - निम्न मे से कोई नहीं

केद्रं सरकार ने 20 मार्च 2025 से गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम (GMS) के मध्यम और दीर्घकालिक जमा को बंद करने का फैसला किया, जबकि अल्पकालिक जमा बैंकों के विवेक पर जारी रहेगें। RBI ने स्पष्ट किया कि मौजूदा जमा परिपक्वता तक प्रभावित नहीं होंगे। यह योजना 2015 मे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था मे लाने के लिए शुरू हुई थी।



190. हाल ही मे किस संगठन ने भारतीय नौसेना के साथ मिलकर VL-SRSAM मिसाइल का सफल परीक्षण किया ?

A - DRDO
B - ISRO
C - BHEL
D - HAL

DRDO और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के चांदीपुर मे VL-SRSAM मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जो उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने मे सक्षम है। यह पूरी तरह से भारत मे विकसित मिसाइल भारतीय नौसेना के युद्धपोतों से दागी जा सकती है और 360° सुरक्षा प्रदान करती है। यह लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और समुद्र मे उड़ने वाली मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। इसमे द्विं-मोड सीकर तकनीक है



191. राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM) की शुरुआत कब हुई थी ?

A - वर्ष 2017
B - वर्ष 2018
C - वर्ष 2020
D - वर्ष 2021

भारत का कपड़ा उद्योग GDP मे 2% योगदान देता है और 2030 तक $350 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे 3.5 करोड़ नौकरियां बनेगी। भारत वैश्विक वस्त्र निर्यात मे 3.9% हिस्सेदारी के साथ छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। तकनीकी वस्त्रों (टेक्निकल टेक्सटाइल्स) का बढ़ता उपयोग उद्योग मे बदलाव ला रहा है। सरकार ने 2020 मे राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM) शुरू किया, जिसके लिए ₹1,480 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।



192. भारत व रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र -2025' का 14 वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया ?

A - चेन्नई, बंगाल की खाड़ी
B - अरब सागर
C - जैसलमेर
D - पंजाब

भारत-रूस संयुक्त नौसेना अभ्यास इंद्र का 14वां संस्करण 28 मार्च 2025 को चेन्नई तट पर शुरू हुआ और 2 अप्रैल तक चलेगा। यह दो चरणों मे होगा—बंदरगाह चरण (28-31 मार्च) और समुद्री चरण (31 मार्च-2 अप्रैल) बंगाल की खाड़ी मे। पहला संस्करण 2003 मे हुआ था। अभ्यास का उद्देश्य नौसेना सहयोग और परिचालन समन्वय बढ़ाना है। INS राणा पर उद्घाटन समारोह हुआ, जिसमे नौसेना कमांडर और रूसी दूतावास के प्रतिनिधि शामिल हुए।

